रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, शुक्रवार 10 जनवरी 2025, वर्ष 10, अंक 357 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com



## झारखंड राज्य कर्मियों के लिए खुशखबरी, जल्द मिलेगा राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ

**रांची**। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने के प्रस्ताव पर सहमति दी है। उक्त प्रस्ताव पर शीघ्र मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की स्वीकृति के उपरांत राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प सं०-185 (13) दिनांक-31.07.2023 द्वारा राज्य के कार्यरत, सेवानिवृत्त कर्मियों , पदाधिकारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिए जाने का प्रस्ताव है, पूर्व में कुछ त्रुटियां रहने के कारण उक्त योजना का लाभ राज्य कर्मियों को नहीं मिल पा रहा था, अब स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा इन सभी त्रुटियों का पूर्ण निराकरण कर लिया गया है। शीघ्र यह योजना झारखंड में लागू कर दी जाएगी।

इन्हें मिलेगा लाभ.. उक्त योजना अंतर्गत राज्य विधान सभा के वर्तमान सदस्य, राज्य की सभी सेवाओं के कर्मियों, सेवानिवृत कर्मियों तथा उनके परिवार के उनपर आश्रित सदस्यों, जिनमें उनके पति,पत्नी,पुत्र,वैध दत्तक पुत्र (25 वर्ष की आयु तक बशर्ते बेरोजगार हो), पुत्री (अविवाहित,विधवा, परित्यक्ता पुत्री) नाबालिग भाई एवं अविवाहित बहन एवं आश्रित माता-पिता (प्रतिमाह 9000/- और उस पर तत्समय अनुमान्य महंगाई राहत से कम पेंशन प्राप्त करने वाले) सम्मिलित होंगे, को सम्मिलित रूप से 05 (पाँच) लाख रूपये प्रतिवर्ष की अधिसीमा के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। राज्य कर्मियों, सेवानिवृत कर्मियों के दिव्यांग आश्रितों को आजीवन स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाएगा।

**सुविधा**

**रांची झारखंड राज्य कर्मियों के लिए खुशखबरी, जल्द मिलेगा राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ, 05 लाख रूपये प्रतिवर्ष की अधिसीमा के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा, गंभीर बीमारियों के मामलों पर 10 लाख रुपया तक मिलेगा हेल्थ कवरेज।**

गंभीर बीमारियों के मामलों में 10 लाख रूपये तक हेल्थ कवरेज मिलेगा राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत लाभूकों एवं उनके आश्रितों को एक परिवारिक ईकाई मानते हुए प्रति परिवार प्रति वर्ष पाँच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जायेगा। चिन्हित गंभीर बीमारी, जो Annexure "A" के रूप में संलग्न है, के मामलें में चिकित्सा प्रदान करने वाले सम्बंधित अस्पताल की अनुशंसा पर 50 करोड़ रूपये के संधारित कॉरपोरेट बफर (Corporate Buffer) में से ऐसी गंभीर बीमारियों की चिकित्सा पर 05 लाख रूपये तक की अतिरिक्त अधिसीमा अर्थात कुल 10 लाख रूपये की अधिसीमा तक की चिकित्सा पर हुये व्यय का वहन किया जाएगा। झारखण्ड स्टेट आरोग्य सोसाईटी के स्तर पर किसी बीमित कर्मी के बीमा राशि से अधिक राशि का चिकित्सा व्यय होने की स्थिति में अतिरिक्त चिकित्सा व्यय वहन हेतु एक कॉरपस फण्ड (Corpus Fund) संधारित किया जायेगा, जिससे ऐसे मामलों में भुगतान किया जा सकेगा।



## महाकुंभ पर आतंकी हमले का खतरा, ट्रेनों की होगी चेकिंग

**नई दिल्ली**: विधानसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस के अलावा प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ को लेकर भी देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और 11 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस अफसरों की मीटिंग में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। यूपी पुलिस के अफसरों ने 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले महाकुंभ के लिए आने वाली सभी ट्रेनों की सघन तलाशी लेने को कहा है, ताकि देश विरोधी ताकतें किसी तरह की गड़बड़ी में कामयाब नहीं हो सकें। **खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने दी है धमकी** दरअसल आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने विडियो जारी कर महाकुंभ को टारगेट करने की धमकी दे रखी है। खुफिया इनपुट भी हैं कि आतंकी दहशत फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। दिल्ली से 32 स्पेशल और 21 अनारक्षित ट्रेनें महाकुंभ के दौरान चलेंगी। यूपी पुलिस के अफसरों का कहना था कि आतंकी ट्रेनों को टारगेट कर सकते हैं। इसलिए हर ट्रेन को अच्छी तरह से चेक किया जाए। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के खास इंतजाम हों, ताकि आतंकी मंसूबे कामयाब नहीं हो सकें। सभी राज्यों ने महाकुंभ को लेकर रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने का भरोसा दिया। **कई राज्यों के पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक** पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा की अध्यक्षता में दिल्ली में हुई इस इंटरस्टेट कोऑर्डिनेशन मीटिंग में दिल्ली के अलावा हरियाणा, पंजाब, यूपी, मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर के पुलिस अफसरों ने भाग लिया। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने भी शिरकत की। दिल्ली विधानसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर भी चर्चा हुई।

## झारखंड से महाकुंभ के लिए स्पेशल ट्रेन सेवा शुरू; जानें रूट, समय



**रांची**: झारखंड से प्रयागराज महाकुंभ जाने वालों के लिए अच्छी खबर है। भारतीय रेलवे स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। ये ट्रेनें जनवरी और फरवरी में चलेंगी। झारखंड के कई स्टेशनों पर इन ट्रेनों का ठहराव होगा। राउरकेला, हटिया, रांची और मुरी जैसे स्टेशनों से श्रद्धालु महाकुंभ के लिए प्रस्थान कर सकेंगे। ये ट्रेनें तिरुपति और नरसापुर से चलकर बनारस पहुंचेंगी। वहां से श्रद्धालु प्रयागराज जा सकेंगे।

**महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन** दक्षिण-पूर्व रेलवे महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। ये ट्रेनें श्रद्धालुओं को प्रयागराज कुंभ मेले में जाने में मदद करेंगी। तिरुपति

## दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित



रांची । ऱांची प्रेस क्लब में दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।उनके निधन से पत्रकारिता क्षेत्र को बड़ी क्षति हुई है।" "बाबा बैद्यनाथ से उनकी आत्मा को शांति और उनके परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।"-रघुबर दास,पूर्व मुख्यमंत्री झारखण्ड। पूर्व राज्यपाल ओडिशा।

### कम हो जाएगी भारत की आबादी?, मस्क ने जताई चिंता!

**नई दिल्ली** । अरबपति एलन मस्क ने 2100 तक भारत और चीन की जनसंख्या में गिरावट के अनुमान पर चिंता जताई है। मस्क के एक्स हैंडल से एक ग्राफ की तस्वीर पोस्ट की गई, जिसमें दुनिया के प्रमुख देशों की जनसंख्या में संभावित परिवर्तन दिखाया गया है।मस्क ने इसे मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया है।

## सीएम ने खनिज रॉयल्टी के 1 लाख 36 हज़ार करोड़ रुपए के बकाया भुगतान की मांग रखी

### इससे कोल माइनिंग से संबंधित समस्याओं का जहां समाधान निकलेगा



**हेमन्त सोरेन एवं केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी की उपस्थिति में राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारियों तथा कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया और इसकी अनुषंगी इकाइयों के अधिकारियों बीच कोयला खनन से जुड़े विभिन्न विषयों/ मुद्दों तथा उसके समाधान को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक की।**

**रांची**। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी किशन रेड्डी की उपस्थिति में राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारियों तथा कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया और इसकी अनुषंगी इकाइयों के अधिकारियों बीच कोयला खनन से जुड़े विभिन्न विषयों/ मुद्दों तथा उसके समाधान को लेकर उच्च स्तरीय बैठक हुई। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोयला एक ऐसा विषय है, जिसके तहत इसके खनन, उत्पादन, परिवहन, जमीन अधिग्रहण मुआवजा, विस्थापन के साथ डीएमएफटी फंड एवं सीएसआर एक्टिविटीज को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को मिलकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इससे कोल माइनिंग से संबंधित समस्याओं का जहां समाधान निकलेगा वहीं लोगों के बीच माइनिंग को लेकर जो नकारात्मक मानसिकता बनती है उसे बदलने में भी सहूलियत होगी । इससे लोगों की उम्मीदें भी जागेगी और कोल परियोजनाओं को लेकर जो समस्याएं उत्पन्न होती है, उसको काफी हद तक रोका जा सकता है ।

**खनिज रॉयल्टी के 1 लाख 36 हज़ार करोड़ के बकाया भुगतान की मांग रखी** इस बैठक में खनिज रॉयल्टी को लेकर राज्य सरकार ने विषयवार/ क्षेत्रवार अलग-अलग परियोजनावार बकाया राशि का आकलन, जो जिला स्तर पर खनन कंपनियां के साथ तैयार किया गया है, केंद्रीय कोयला मंत्री के समक्ष उसे रखा गया तथा उस बकाये तथा गणना का आधार उपलब्ध कराया गया। जिस पर केंद्रीय कोयला मंत्री ने आदेश दिया कि केंद्र सरकार के अधिकारी राज्य सरकार के साथ मिलकर इसकी प्रमाणिकता का आकलन करें। केंद्रीय कोयला मंत्री ने मुख्यमंत्री को बकाया के भुगतान का भरोसा दिलाया।

**विस्थापित होने वाले रैयतों को स्टेक होल्डर बनाने पर दिया जोर** मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल खनन परियोजनाओं को लेकर जमीन का जो अधिग्रहण होता है। जो रैयत विस्थापित होते हैं, उन्हें सिर्फ मुआवजा और नौकरी देने की व्यवस्था से हमें आगे बढ़ाने की जरूरत है। विस्थापित रैयतों को को खनन परियोजनाओं में स्टेक होल्डर बनाकर हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। इससे उनका हम विश्वास भी जीतेंगे और सीएसआर से जुड़ी गतिविधियों तथा डीएमएफटी फंड का बेहतर तरीके से इस्तेमाल कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने खनन परियोजनाओं में कार्य को लेकर जो टेंडर जारी किए जाते हैं। उसमें छोटे-मोटे कार्यों का टेंडर विस्थापितों को मिलना चाहिए। इस दिशा में कोल मंत्रालय दिशा निर्देश जारी करें।

**जमीन से लोगों का भावनात्मक लगाव होता है, उसका पूरा ख्याल रखने की जरूरत** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में जमीन से लोगों का भावनात्मक लगाव होता है। ऐसे में जब खनन परियोजनाओं को लेकर जमीन अधिग्रहण होता है तो लोगों को काफी तकलीफें होती है। वे अपनी जमीन से अलग होना नहीं चाहते हैं। विस्थापितों को सिर्फ मुआवजा तथा नौकरी देकर सारी खुशियां नहीं दे सकते हैं ।

फर्जी वेबसाइट पर 5100 में दर्शन से लेकर कई पैकेज; 9,117 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

## देवघर मंदिर में ऑनलाइन पूजा के नाम पर 4.64Cr. ठगे



**देवघर** देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर में साइबर अपराधियों ने मंदिर में दर्शन-पूजन के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाई और अलग-अलग पैकेज का झांसा देकर लोगों को ठगते थे। पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब ऑनलाइन बुकिंग कर 5 श्रद्धालु हैदराबाद से पूजा करने देवघर पहुंचे। मंदिर पहुंच कर जब उन्होंने दिए गए नंबर पर संपर्क किया तो बात नहीं हो सकी। इसके सभी मंदिर प्रबंधन कार्यालय पहुंचे। यहां उन्हें पता चला कि मंदिर प्रबंधन की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं है। इसके बाद उन्हें ठगे जाने का एहसास हुआ। वहीं मंदिर प्रबंधन भी इस फर्जीवाड़े से हैरान हैं। इस वेबसाइट पर अब तक 9,117 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करा रखा है। वेबसाइट पर सामान्य दर्शन का चार्ज 51 सौ है। इस तरह से वेबसाइट संचालक ने करीब 4.64 करोड़ की ठगी लोगों से कर ली है। **जसीडीह का निकला फर्जीवाड़ा करने वाला** हैदराबाद से आए श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रबंधन को बताया कि उन्होंने बाबा धाम ऑनलाइन पूजा सर्विस नाम की वेबसाइट के माध्यम से बुकिंग कराई थी। उन्होंने मंदिर प्रबंधन को सारी जानकारी दी। इसके बाद दिए गए नंबर पर मंदिर प्रबंधन की ओर से कॉल किया गया। कंपनी वाले ने फोन उठाया। उससे पूरी बात पूछी गई। बाबा मंदिर व पंडा धर्म रक्षिणी सभा के अधिकारियों ने वेबसाइट चलाने वाले को मंदिर में बुलाया। वह आया भी। मंदिर प्रबंधन ने उससे पूरी जानकारी ली।

**मंदिर प्रभारी बोले- एफआईआर कर होगी जांच** इधर मामले की जानकारी मंदिर प्रभारी सह एसडीएम रवि कुमार को भी दी गई। वहीं बाबा मंदिर व पंडा धर्म रक्षिणी सभा के अधिकारियों ने वेबसाइट चलाने वाले को फिर से बुलाने की शर्त पर वापस जाने दिया। मंदिर प्रभारी सह एसडीएम रवि कुमार ने मामले पर संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच कराने की बात कही है।

## कोरोना वायरस जैसे HMPV के देश में 11 केस: आज 2 मामले मिले




**नई दिल्ली** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) के गुरुवार को 2 केस मिले हैं। पहला मामला उत्तर प्रदेश का है। लखनऊ में 60 साल की महिला पॉजिटिव पाई गई है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. सुशील चौधरी ने दैनिक भास्कर से इसकी पुष्टि की। वहीं, गुजरात के हिम्मतनगर में 7 साल के एक बच्चे की HMPV रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। हालांकि, यह रिपोर्ट प्राइवेट अस्पताला की लैब की है। सरकारी रिपोर्ट शाम तक आएगी। देश में वायरस से जुड़े कुल 11 मामले हो गए हैं। महाराष्ट्र में 3, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए हैं। HMPV केस सामने आने के बाद राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को HMPV केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। **छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित** HMPV संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र ने राज्यों को 'इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस' और 'सीवर एक्यूट रेस्परेट्री इश्यूज' जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और HMPV के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है। विशेषज्ञों ने यह कहा है कि HMPV कोई नया वायरस नहीं है। 2001 में इसकी पहली बार पहचान हुई थी। इसके बाद ये दुनिया में फैला।

## डकरा में मौसम का बदलता तेवर से लोग परेशान



डकरा। ( Ranchi Weather )मौसम का बदलता तेवर से लोग परेशान हो गये हैं। सुबह कोहरा का आलम और 11 बजे के बाद धूप का खिलना,लेकिन ठंडी हवा अब लोगों को चुभनी लगी है। गुरुवार का सुबह चारों ओर कोहरा छाया हुआ था। हल्की हवा में कोहरा तैर रहे थे, ऐसा लग रहा था कि आकाश का बादल जमीं पर आ गया है। सुबह मोर्निंग वॉकरों के लिए यह कोहरा परेशानी का सबब बन गया है। बुढ़े बुजुर्ग चाहे जितने भी गर्म कपड़े पहन लें, लेकिन सर्द हवा उन्हें अंदर से हिला रही है। कांके में पारा 3.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है, जबकि मैक्लुस्कीगंज में पारा 1.5 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम का यही हाल रहा, तो एक डिग्री से नीचे चला जायेगा। बादल और कोहरा छंटते ही हांड कंपानेवाला ठंड की अहसास हो रहा है।

## भारत के पहले आयुर्वेदिक डायग्नोस्टिक डिवाइस को मंजूरी... क्या है नाड़ी तरंगिणी, किसने बनाया कीमत कितनी?



***नई दिल्ली***: *पुणे के हिंजेवाड़ी की आत्रेय इनोवेशन्स कंपनी ने 'नाड़ी तरंगिणी' नाम का आयुर्वेदिक पल्स डायग्नोस्टिक उपकरण बनाया है। यह डिवाइस भारत का पहला आयुर्वेदिक चिकित्सा उपकरण है जिसे CDSCO (सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन) से मंजूरी मिली है। CDSCO देश में सौंदर्य प्रसाधन, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के लिए राष्ट्रीय नियामक है। यह डिवाइस पद्म भूषण पुरस्कार विजेता प्रोफेसर जे.बी. जोशी और डॉ. अनिरुद्ध जोशी के दिमाग की उपज है। प्रो. जोशी इंस्टिट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (पूर्व में UDCT) के चांसलर और मराठी विज्ञान परिषद के अध्यक्ष हैं। डॉ. अनिरुद्ध जोशी ने IIT बॉम्बे में छह साल से अधिक समय तक शोध के बाद इसे विकसित किया है। इस डिवाइस की कीमत 55,000 रुपये है। कंपनी वर्तमान में सालाना 5,000 नाड़ी तरंगिणी उपकरण बनाने में समर्थ है। कंपनी को हाल ही में 5 करोड़ रुपये की सीड फंडिंग मिली है। इस फंडिंग का उपयोग आगे के शोध, वितरण नेटवर्क स्थापित करने और उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए किया जाएगा। CDSCO सर्टिफिकेशन के लिए 25,000 से अधिक व्यक्तियों की जांच की गई और एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।* ***क्या है नाड़ी तरंगिणी****? नाड़ी तरंगिणी से नाड़ी की जांच करने पर 22 आयुर्वेदिक मानकों वाली 10 पेज की रिपोर्ट मिलती है। उपकरण यह रिपोर्ट 10 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध करा सकता है। डॉ. जोशी ने यह भी बताया कि नाड़ी तरंगिणी की एक्यूरेसी लगभग 85 फीसदी है।* ***5 लाख से ज्यादा लोगों का हो चुका है टेस्ट*** *पिछले साल नाड़ी तरंगिणी उपकरण की सेंसिंग तकनीक और प्रक्रिया को अमेरिकी पेटेंट मिला। अमेरिकी पेटेंट के अलावा, डिवाइस को यूरोप, इंडोनेशिया और भारत के लिए भी पेटेंट प्राप्त हैं। वर्तमान में, नाड़ी तरंगिणी का इस्तेमाल देशभर के 1250 से अधिक आयुर्वेदिक क्लीनिकों में किया जा रहा है। अब तक, 5 लाख से अधिक व्यक्तियों का इस उपकरण से परीक्षण किया जा चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में इस उपकरण का उल्लेख किया था और इसकी प्रशंसा की थी।*

**रांची ।राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पूर्व केंद्रीय मंत्री कड़िया मुंडा से भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल, रांची जाकर उनका कुशलक्षेम जाना एवं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने चिकित्सकों से उनके उपचार के संदर्भ में जानकारी ली।**



अलग पहचान
सत्य की उड़ान



# बेल्जियम के छात्रों ने संत जेवियर्स स्कूल रांची का किया दौरा



**रांची:** बेल्जियम के क्लीन सेमिनरी रुसलेयर स्कूल के 24 छात्रों का एक दल, अपने प्रिंसिपल मिसेज क्लारा और शिक्षकों मिस्टर फिलिप और मिस्टर बियार्न के साथ भारत के सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान, रांची के संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा में एक यात्रा के साथ अपने दौरे का समापन किया। यह समूह 16 लड़कियों और 8 लड़कों का था, जिन्होंने भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित स्थानों जैसे दिल्ली, आगरा, वाराणसी, कोलकाता और झारखंड के कई स्थानों, जिनमें रांची, गुमला, राजावल, टोंगो, मझाटोली, लोहरदगा, कांके, मानरेसा हाउस, रांची, और बिशप हाउस, रांची शामिल हैं, का दौरा किया। अपने अंतिम पड़ाव के रूप में, छात्रों ने संत जेवियर्स स्कूल के छात्रों के परिवारों के साथ समय बिताया, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को बढ़ावा मिला। स्कूल की यात्रा के दौरान, उन्होंने कक्षा 11 के छात्रों के साथ बातचीत की और भारत की विविध संस्कृति, स्वादिष्ट भोजन और गर्मजोशी से भरी मेहमाननवाजी के अपने अनुभव साझा किए। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता और प्रदूषण जैसी चुनौतियों पर भी चर्चा की, जिससे उनकी गहरी पर्यवेक्षण और वैश्विक जागरूकता स्पष्ट हुई। बेल्जियम के छात्रों ने संत जेवियर्स आउटरीच प्रोग्राम के छात्रों के लिए 45 साइकिलें और 600 स्कूल यूनिफॉर्म का उदार दान देकर अपनी सद्भावना प्रकट की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विभिन्न स्थानों के अन्य जरूरतमंद छात्रों के लिए भी कई वस्तुएं उपहार स्वरूप दीं, जो उनकी दया और एकजुटता की भावना को दर्शाता है। संत जेवियर्स स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें फादर अजीत कुमार एक्सेस, प्रोविंशियल, रांची जेसुइट सोसाइटी , फादर फुलदेव सोरेंग एस.जे., प्रिंसिपल, फादर रवि भूषण एक्सेस एस.जे., वाइस प्रिंसिपल, फादर कुलदीप लिंडा एस.जे., वाइस प्रिंसिपल, फादर सुधीर कुजूर एस.जे., सुपीरियर, फादर संदीप एस.जे., बर्सर शामिल थे। इस इंटरएक्टिव कार्यक्रम ने छात्रों और शिक्षकों को अपने विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान किया, जिससे वैश्विक मित्रता और सांस्कृतिक समझ के संबंध और मजबूत हुए। यह यात्रा बेल्जियम के छात्रों के भारतीय सफर का एक सार्थक समापन थी, जो आपसी सीख, परोपकार और साझा अनुभवों की विरासत को पीछे छोड़ गई।

# 13 जनवरी को रातू रोड के ओ टी सी मैदान में नमो पतंग उत्सव की दिखेगी झलक



## श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति नमो पतंग का करेगी वितरण

**रांची:** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में सोमवार 13 जनवरी 2025 को ओ टी सी ग्राउंड (रातू रोड) के मैदान में नमो पतंग उत्सव का आयोजन रखा गया है । समिति की ओर रखी गयी प्रेस वार्ता में सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि पतंग उत्सव की शुरुआत 2006 में अरगोड़ा मैदान से की थी, जो निरंतर अब प्रत्येक वर्ष होता आ रहा है। समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि 19 साल से हिंदू भारतीय संस्कृति में आने वाली पीढ़ियों को जागृत करने के लिए ,हिंदू धर्म के संग हमारी भारतीय संस्कृति का पूर्ण निर्वाह करते हुए आज भी हम पतंग उत्सव ,मकर संक्रांति, लोहड़ी ,टुसू सहित अन्य त्योहारो को बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। इसीलिए समिति द्वारा मकर संक्रांति व लोहड़ी के पावन मंगल शुभअवसर पर नमो पतंग उत्सव का भव्य आयोजन 13 जनवरी को रातू रोड के ओ टी सी ग्राउंड में प्रातः 11:30 बजे प्रारंभ किया जाएगा। प्रातः 11:30 बजे निश्चित समय पर भक्ति मय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के सग पतंग उत्सव प्रारंभ हो जाएगा। जिसके अंतर्गत समिति द्वारा लोगो के बीच नमो पतंग का भी वितरण करेगी। यह पतंग बाहर से मंगाया जा रहा है। इस उपलक्ष पर समिति द्वारा जरूरतमंद ब्यक्तियो के बीच कंबल वितरण किया जाएगा साथ ही आयोजन में शामिल सभी लोगों के लिए खिचड़ी के महाभोग सहित दही, चुड़ा, गुड़ का भी वितरण किया जाएगा। नमो पतंग महोत्सव नगर वासियो को एक जगह उत्सव के रूप में देखने और मनाने का अवसर प्रदान हो समिति द्वारा यही प्रयास बना रहता है। इस अवसर पर प्रेस वार्ता में नमो पतंग का भी लोगों ने विमोचन किया। संरक्षक संजय सेठ अध्यक्ष मुकेश काबरा ने रांची नगरवासियों से 13 तारीख को होने वाले नमो पतंग उत्सव में सपरिवार इष्ट मित्रों के संग शामिल होने का आग्रह किया है। उत्सव में शामिल सभी लोगों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था समिति द्वारा की गई है जिससे उत्सव के समय होने वाले रंगारंग सांस्कृतिक गायन कार्यक्रम का भी लुफ्त उठाया जा सके। इस उत्सव में पूरे राज्य सहित राजधानी के लोग भी भाग लेंगे और पतंग महोत्सव का पूर्ण आनंद लेंगे। वही प्रेस वार्ता में समिति के संरक्षक संजय सेठ,अध्यक्ष मुकेश काबरा, अजय मारू ,पूनम आनंद ,प्रमोद सारस्वत, कुणाल आजमानी, पुनीत पोद्दार,रविन्द्र मोदी,ललन श्रीवास्तव, मनोज तिवारी ,भीष्म सिंह, विजय ओझा,अमित चौधरी,सुधीर तिवारी, संजय गोयल कमलजीत सिंह शंटी ,संजय पोद्दार, सुवेश पांडेय ,नीरज चौधरी, नीरज कुमार, राजू रजक ,संतोष सेठ, विजय यादव, संजीव साहू, कुमुद झा, मनीष लोधा, सोनित अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अशोक मुंडा, गौत्तम देवदरिया,अशोक यादव,सुधीर सिंह,सहित सैकड़ो की संख्या में समिति के सदस्य मौजूद थे।

# 11 जनवरी को रांची में होगी पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता



**परीक्षा को बोझ नहीं बनाएं, यह उत्सव है : संजय सेठ**

रांचीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रत्येक वर्ष परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम किया जाता है। ताकि विद्यार्थी तनाव मुक्त माहौल में अपनी परीक्षाएं दे सकें। परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मना सके। इस कार्यक्रम को लेकर परीक्षा पे चर्चा से पूर्व पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा किया जा रहा है। 11 जनवरी 2025 को सुबह 9:00 से यह प्रतियोगिता टेंडर हर्ट स्कूल में आयोजित की जाएगी। बच्चों को तनावमुक्त और उत्सवपूर्ण माहौल मिल सके, इस उद्देश्य के साथ यह पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रांची के विभिन्न विद्यालयों से हजारों की संख्या में 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में बच्चे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम बच्चों के जीवन को नई दिशा प्रदान कर रहा है और परीक्षा में शामिल होने को लेकर उन्हें उत्साहित कर रहा है। बच्चों के लिए परीक्षा बोझ नहीं बने, इस उद्देश्य के साथ यह आयोजन हो रहा है; जिसमें माननीय प्रधानमंत्री खुद सभी बच्चों से संवाद करते हैं। शिक्षकों से संवाद करते हैं। अभिभावकों से संवाद करते हैं। परीक्षाओं में बच्चों से ज्यादा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अभिभावकों और शिक्षकों की है कि वह बच्चों को परीक्षा के बोझ से दबाएं नहीं। बच्चे उत्सवपूर्ण माहौल में परीक्षा लिखें, इस उद्देश्य के साथ रांची में पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों में भी शानदार उत्साह है। प्रतियोगिता को लेकर बच्चों को अलग-अलग विषय दिए जाएंगे, जिस पर बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। रक्षा राज्य मंत्री ने बच्चों से यह भी आग्रह किया है कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें और प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन प्राप्त करें ताकि विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण हो।

परीक्षा पर चर्चा से पूर्ण होने वाली पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता को लेकर कई विषय तैयार किए गए हैं। जिस पर बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

इसमें परीक्षा से पूर्व तैयारी हेतु समय सारणी का प्रदर्शन, पसंदीदा खेल का चित्रण, पसंदीदा त्योहार को प्रदर्शित करने वाला चित्र, परीक्षा भी एक त्यौहार है इसका चित्रण, योगासन की विभिन्न मुद्राओं का चित्रण, अपनी कल्पना भविष्य की अपेक्षा और विकसित भारत पर पोस्टर बनाना।



# श्री राधा कृष्ण मंदिर का समय सारणी हुआ जारी

**रांची:** अरगोड़ा कटहल मोड़ रोड पुंदाग मे झारखंड का सबसे बड़ा राधा- कृष्ण मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। तथा भव्य आकर्षक एवं अनूठा मंदिर को देख मंत्र-मुग्ध होकर उत्साहित हो रहे हैं। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि मंदिर की समय सारणी तय कर लिया गया है। मंदिर का पट खुलने का समय प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे खुलेगा तथा बंद होने का समय दोपहर 12:30 बजे रहेगा। मंदिर पुनः अपराह्न- 3:00 बजे खुलेगा तथा रात्रि 8:00 बजे आरती के बाद बंद हो जाएगा। मंदिर मे वृंदावन के पुजारी अरविंद पांडे को नियुक्त किये गये है। जो की दिन- रात भगवान श्री राधा कृष्ण की सेवा में मंदिर में रहेंगे।

# खूँटी सिमडेगा सड़क के किनारे कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा व्यक्ति की हत्या

**खूंटी** । तोरपा थाना अन्तर्गत ग्राम उर्मी खूँटी सिमडेगा सड़क के किनारे कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा मृतक की हत्या कर उर्मी मैदान के पास फेंक दिया गया था। जिसके संबंध में तोरपा थाना कांड सं0-06/25, दिनांक-04.01.2025, धारा 103 (1)/238 बी०एन० एस० 2023 दर्ज किया गया। पति-स्व० पौधा मुण्डा, ग्राम-बयांगडीह, बुल टोली तीनों थाना-नामकुम, जिला-रॉची को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार व्यक्तियों द्वारा घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया।

# झारखंड चैंबर के कनेक्ट उप समिति की बैठक



**रांची:** झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के चैम्बर कनेक्ट उप समिति की बैठक अध्यक्ष परेश गट्टानी की अध्यक्षता में चैम्बर भवन में हुई। देश के विभिन्न चैम्बर्स के साथ फेडरेशन का बेहतर समन्वय स्थापित हो और अधिक से अधिक व्यापारी और उद्यमी का जुड़ाव फेडरेशन से हो इस हेतु अत्याधुनिक मोबाइल एप्प के निर्माण पर सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। उप समिति चेयरमैन अरुण भरतिया ने कहा कि मोबाइल एप्प के माध्यम से न केवल व्यवसायी आपस में आसानी से समन्वय बना सकेंगे बल्कि वे अपने व्यवसाय को भी बढ़ावा दे सकेंगे।

झारखण्ड चैम्बर के वर्तमान में चल रहे मोबाइल एप्प को अपग्रेड करने के उप समिति के प्रस्ताव पर चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने सहमति देते हुए इस कार्य में सहयोग के लिए आश्वस्त किया। चर्चाओं के क्रम में चैम्बर सदस्यों, जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स तथा विभिन्न संगठनों के समन्वय से समय-समय पर स्पोर्ट्स इवेंट्स, मैराथन कराने पर भी समिति द्वारा चर्चा की गई। उप समिति चेयरमैन ने कहा कि व्हाट्स ग्रुप के माध्यम से व्यापारियों के बीच नेटवर्किंग को और अधिक मजबूत किया जायेगा जिससे व्यापारी आसानी से आपस में व्यापार को गति दे सकें। उपाध्यक्ष राहुल साबू एवं ज्योति कुमारी ने संयुक्त रूप से इस पहल का स्वागत किया एवं कहा कि ऐसे प्रयास जरुर होने चाहिए। उन्होंने उप समिति के इस प्रयास में सरकारी विभागों को भी शामिल करने का सुझाव दिया।

बैठक में चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य साहित्य पवन, शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा, आस्था किरण, उप समिति चेयरमैन अरुण भरतिया, सदस्य संतोष अग्रवाल, अंकिता वर्मा, अमन अग्रवाल, रौनक केजरीवाल, सौरव अग्रवाल, अलोक कुमार, विशाल सिन्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

# कमिटी तय करेगी गणतंत्र दिवस समारोह की झांकीः मुख्य सचिव




**दिखेंगी मंईयां सम्मान योजना और सड़क सुरक्षा की भी झांकियांगणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक**

रांचीः गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह की झांकी में झारखंड का चरित्र और चेहरा झलकना चाहिए। उन्होंने झांकी में मइंया सम्मान योजना और सड़क सुरक्षा को भी जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झांकियों के चयन के लिए एक कमिटी भी होनी चाहिए, जो उसके थीम और प्रजेंटेशन को फाइनल करे। बैठक में ही तीन सदस्यीय कमिटी का गठन भी किया गया, जिसमें कृषि सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी, पर्यटन सचिव मनोज कुमार और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी को शामिल किया गया। बैठक में तय हुआ कि समारोह में कुल 12 से 13 विभागों की झांकियों का प्रदर्शन कमिटी के अनुमोदन के बाद किया जाएगा। मुख्य सचिव ने उपायुक्त दुमका और रांची को निर्देशित किया कि वे गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रण पत्र की छपाई और वितरण ससमय सुनिश्चित करेंगे। वहीं रांची और दुमका में स्थापित महत्वपूर्ण प्रतिमा स्थलों की सफाई और प्रतिमाओं पर माल्यार्पण की व्यवस्था, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को समारोह स्थल तक लाने की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर पंडाल, बैरिकेडिंग एवं बैठने की व्यवस्था, समारोह स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं स्वच्छता इत्यादि की व्यवस्था, समारोह स्थल तक जाने वाले मुख्य मार्गों पर यातायात और पार्किंग की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर चिकित्सा की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, पुरस्कार- सम्मान पत्र का वितरण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य जिला मुख्यालयों पर गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बैठक में विस्तृत चर्चा हुई और निर्णय लिए गये। मुख्य सचिव ने मोरहाबादी मैदान के पास लगे एलइडी स्क्रीन की क्वालिटी सुधारने का निर्देश दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक के प्रस्ताव पर झांकी में झारखंड के वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी को अनुमोदित किया गया। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने झांकी में साइबर सुरक्षा को भी शामिल करने का सुझाव दिया। वहीं तय हुआ कि गणतंत्र दिवस परेड में सेना, सीआइएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी, जैप, जिला बल, एनडीआरएफ, फायर बिग्रेड के प्लाटून के साथ सेना, सीआरपीएफ और जैप के बैंड भाग लेंगे। इसका रिहर्सल 18 जनवरी से 24 जनवरी के बीच सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया गया।

# अनंतनामधारी भगवान का सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान शुरू



**रांची:** दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी ) मंदिर में वैकुंठोत्सव के उपलक्ष्य पर चतुर्दिवसीय श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान के पहले दिन 09 जनवरी गुरूवार को नाममंत्र से मंदिर गुञ्जित हुआ। भगवान श्रीमन्नारायण अर्चना प्रिय हैं। जब भगवान की 1008 नामों से स्तुति करके तुलसी जी और पुष्प अर्पित किए जाते हैं, तो भगवान अति प्रसन्न हो जाते हैं और जो कोई भी श्रद्धा पूर्वक मांगता है, वो भगवान सहज ही दे देते हैं। सहस्त्रनाम अर्चना करने से भक्तों के सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होते हैं। आज के सहस्त्रनामार्चन की पहली पाली प्रातः 8.00 बजे मंदिर संचालन समिति की कार्यकारी अध्यक्ष श्री राम अवतार नरसरिया पत्नी शारदा नरसरिया सहित उपस्थित सभी सहभागी उपासकों के हाथों मनोकामना सिद्धि पात्र स्पर्श कराकर संकल्प हुआ। इसके बाद दिव्य नाम मंत्रों का उच्चारण और पुष्प ,तुलसीदल एवं कुंकुम से अर्चना की गयी । फिर आरती ,तीरथ, श्रीभगवान् के युगल चरण चिन्ह (शठारीदेव) का आशीर्वाद और लड्डू ,मिश्री ,कुंकुम ,पुष्पादि प्रसाद, सम्मिलित हुये उपासकों को प्राप्त कराया गया। तदन्तर श्रीमन्नारायण -नारायण हरि हरि नाम संकीर्तनम् से मंदिर परिसर गूंजायमान होने लगा। श्रद्धालु भक्तगण करतलस्वर करते हुये श्रीनिवास गोविंदा श्रीवेंकटेशा गोविंदा का जयघोष करते हुए परिक्रमा कर रहे थे।

आज के सहसत्रार्चन में राम अवतार नरसरिया, अनूप झा, गौरी शंकर साबू, गुरुदत्त अग्रवाल, आनंद प्रकाश अग्रवाल, समर्थ अग्रवाल नवीन मोदी थे।



# पीआईबी का वेव्स पर वर्कशाप और रोड-शो का आयोजन

**रांची:** पत्र सूचना कार्यालय, रांची द्वारा भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची के सहयोग से साथ के सभागार में फरवरी 2025 में दिल्ली में आयोजित होने वाले 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट, वेव्स पर जागरूकता फैलाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में आईआईएम, रांची के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं वरिष्ठ पत्रकार श्रेयसी मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार सन्नी शरद, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ विनय भारत, और आईआईएम, रांची के प्रोफेसर डॉ. गौरव मराठे अतिथि वक्ता के रूप शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई, उसके बाद विभाग द्वारा अंगवस्त्र और मेमेंटी से सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। अपने मुख्य अतिथीय संबोधन में संस्थान के निदेशक डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि वेव्स जैसे इवेंट भारत के डिजिटल अर्थव्यवस्था में बिजनेस मॉडल को आगे लाकर इसमें 'वैल्यू एडिशन'का बड़ा काम करेगा। मैं पीआईबी रांची का धन्यवाद करता चाहूंगा क्योंकि इस आयोजन के लिए उन्होंने आई.आई.एम संस्थान को चुना। इससे पूर्व कार्यशाला की रूप रेखा रखते हुए अपने विषय प्रवेश संबोधन में पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख राजेश सिन्हा ने कहा कि मीडिया एंटरटेनमेंट जगत के कॉन्टेंट क्रिएटर्स को वेव्स के ग्लोबल प्लेटफॉर्म देगा, और मैं आप सभी छात्रों छात्राओं से भी क्रिएट इन इंडिया' चैलेंज में हिस्सा लेने के लिए कहूंगा। हिंदुस्तान की वरिष्ठ पत्रकार श्रेयसी मिश्रा ने कहा कि भारत का ऑनलाइन एंटरटेनमेंट स्पेस तेजी विकास के लिए तैयार है। आज यहां 80 करोड़ के ज्यादा ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन हैं, 78 करोड़ इंटरनेट यूजर हैं।

5जी के आने से और हाइपर लोकल कन्टेंट की ग्रोथ से ऑनलाइन एंटरटेनमेंट दिनों दिन बढ़ेगा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ विनय भारत ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि हम भारतीय देश के लोकल कॉन्टेंट, कल्चर, को आगे बढ़ाए और उसे विश्व स्तर का बनाए न की खुद की हम ग्लोबलाइजेशन और वेस्टर्न संस्कृति के विकास मॉडल का शिकार हो जाए। दिल्ली में होने वाले वेव्स समिट में उम्मीद है भारतीय कॉन्टेंट को कैसे आगे ले जाए इस पर चर्चा होगी। आईआईएम रांची के प्रोफेसर डॉ गौरव मराठे ने अपने संबोधन में कहा कि हमें ध्यान देना होगा कि कैसे हम अपनी बात और अपने समाज के सभी वर्गों की सोच को आगे लाए न कि एक वर्ग के विचार पर ही सभी को चलने या वैसा ही कॉन्टेंट बनाने, देखने के लिए कहे।अतिथियों के संबोधन के बाद आईआईएम के छात्रों ने भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म के परिदृश्य पर अपने प्रेजेंटेशन दिए, जिसमें दो अलग-अलग श्रेणियां में तीन श्रेष्ठ विजेताओं को सम्मानित किया गया।

प्रथम श्रेणी में प्रतिका पॉल प्रथम रही, अदिति अग्रवाल द्वितीय और पीके अन्यया तीसरे स्थान पर रही ।

वहीं दूसरी श्रेणी में सोनमसी प्रथम, आकृति प्रिया द्वितीय और देवोलीना मित्रा तृतीय स्थान पर है।

# मनरेगा के तहत वर्षवार मजदूरी दर में वृद्धि करने हेतु आवश्यक योजना का गठन करें: दीपिका पांडेय




रांचीः मनरेगा के तहत वर्षवार मजदूरी दर में वृद्धि करने हेतु आवश्यक योजना का गठन किया जाएगा। इसको लेकर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की अध्यक्षता में एफ०एफ०पी० भवन के प्रथम तल स्थित सभागार में सम्पन्न समीक्षात्मक बैठक की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मनरेगा योजना के तहत विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में किए गए रोजगार सृजन एवं योजनाओं की पूर्णता के समरूप वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी लक्ष्य प्राप्त करने का कार्य करें। मनरेगा योजना से मिट्टी- मोरम पथ की स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु सुस्पष्ट दिशा-निर्देश विभाग स्तर से निर्गत किया जाए ताकि सभी गांवों,कस्बों और टोलों को आवागमन हेतु सुविधा प्रदान की जा सके। बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत पौधों के चयन के संबंध में एक मार्गदर्शिका निर्गत हो। मनरेगा के तहत कार्यान्वित योजनाओं में नियमानुसार पेयजल की व्यवस्था और औषधि की व्यवस्था किया जाना है। एतद् संबंधी व्यवस्था सभी योजना स्थल पर हो, इसके लिए नियमित रूप से निगरानी एवं अनुश्रवण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वर्तमान सरकार के द्वारा मनरेगा श्रमिकों के लिए न्युनतम मजदूरी दर 350.00 रूपये निर्धारित किया जाना है, जिसके लिए वर्षवार मजदूरी दर में वृद्धि करने हेतु आवश्यक योजना का गठन करने का निर्देश मंत्री ने दिया है। वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान के तहत समतलीकरण कार्य मनरेगा योजना से सम्पादित किया गया है परन्तु इन सभी मैदानों में शौचालय एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई है। अतएव, शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण हेतु एक मैपिंग करा लिया जाए। मनरेगा योजना में सामग्री मद की राशि संबंधित वेंडर्स के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जा रहा है परन्तु, क्षेत्रीय स्तर पर वेंडर्स के विरूद्ध कई प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। अतएव, सामग्री मद की राशि सीधे लाभुक के खातों में हस्तांतरित करने के लिए एक एसओपी तैयार कराया जाए। मंत्री ने कहा दीदी बगिया की संख्या में वृद्धि की जाए एवं राज्य स्तर पर एक बड़ा नर्सरी की स्थापना हेतु योजना गठित की जाए।



## ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे से किया शिष्टाचार मुलाकात

**रांची** : झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे से , युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मंत्री को फूलों का गुलदस्ता देकर नए वर्ष की शुभकामनाएं दी। मंत्री ने भी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नए वर्ष की शुभकामना देते हुए कहा कि लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। ताकि सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य की जनता को मिल सके। रोहित सिन्हा ने मंत्री को संगठन की गतिविधियों से अवगत कराया। रोहित सिन्हा ने कहा कि मंईया योजना से महिलाओं को 2500 रुपए का आर्थिक सहयोग सरकार की ओर से किया जा रहा है, वह सराहनीय है। इस योजना से राज्य की लाखों गरीब महिलाओं को परिवार के भरण पोषण में मदद मिल रही है।

## अवैध अफीम खेती के खिलाफ अभियान

**खूंटी**। अवैध अफीम खेती के खिलाफ अभियान चलाकर खूँटी थाना क्षेत्र के ग्राम नयलडीह में 04 एकड़,मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम जुरमू, रूबुआबीरडीह में 15 एकड़,मारंगहादा थाना क्षेत्र के ग्राम जोरदाग में 08 एकड़,अड़की थाना क्षेत्र के ग्राम सोनपुर बारुबेड़ा में 22 एकड़,सायको थाना क्षेत्र के ग्राम- आयूबहातु में करीब 12 एकड़,जिले में करीब 61 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया ।

## उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बैठक



**रांची**। उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आज दिनांक 09 दिसंबर 2025 को समाहरणालय स्थित सभागार में HIL (Hockey India Leage) 12 से 26 जनवरी 2025 के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डी.आई.जी सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिन्हा अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, रांची, उत्कर्ष कुमार, अपर नगर आयुक्त, रांची नगर निगम रांची, पुलिस अधीक्षक यातायात रांची, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता, रांची सुदेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, अखिलेश कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पांडेय, महासचिव, हॉकी झारखण्ड संघ, रांची, भोला नाथ सिंह, HIL Organizing Committee, रांची, निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची उप निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण रांची, जिला खेल पदाधिकारी रांची, शिवेंद्र



सिंह, अधीक्षण अभियंता, विद्युत आपूर्ति अंचल रांची एवं अन्य सभी सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

सफल आयोजन को लेकर कई निर्देश दिए गए

सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन के तरफ से होने वाली सारी व्यवस्था पूर्व में सुनिश्चित रूप से रहेगी। इसके लिए उपायुक्त रांची द्वारा निर्देश देते हुए कहा की सभी मैच फ्लड लाइट्स के नीचे खेले जाएंगे, इसलिए मैच के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति कराया जाएगा। जिसके लिए बिजली और ऊर्जा विभाग से तकनीकी विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

## आम जनता को बजट में राहत एवं अधिकाधिक सुविधा और झारखण्ड के विकास की सरकार से अपील : बंधु तिर्की



**रांची** : पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष बंधु तिर्की ने आज राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मुलाकात की. पिछले विधानसभा चुनाव में जारी कांग्रेस के घोषणा पत्र की एक प्रति उन्होंने श्री किशोर को भेंट करते हुए उनसे अपील की कि सरकार के आगामी बजट में आम जनता को अधिक से अधिक राहत और सुविधा देने के साथ ही झारखण्ड के विकास पर जोड़ देना बहुत जरूरी है. श्री तिर्की ने श्री किशोर को शुभकामनायें दी और विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव का सीधा-सीधा लाभ ना सिर्फ झारखण्ड बल्कि यहाँ के लोगों को भी मिलेगा।

## प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की बैठक आयोजित




**रांची**ः झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाववधान में गुरुवार को कांग्रेस भवन रांची में कमिटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में नवनियुक्त कमिटी के सदस्यों के साथ बैठक की गई। बैठक में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस प्रभारी प्रीति उपाध्यक्ष मुख्य रूप से शामिल हुई। बैठक के प्रारंभ में प्रभारी ने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह को पुनः जिम्मेवारी मिलने पर बधाई एवम स्वागत की इसके उपरांत पूरे प्रदेश में नई कमिटी बनाने एवं कांग्रेस मेंबरशीप को आगे बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सीता राणा, अनिता देवी, नीतू देवी, सीमा परवीन, नीलम सहाय, रूबी खातून, सरिता देवी आदि शामिल थीं। रांची जिला के खिजरी विधानसभा क्षेत्र नामकुम प्रखंड में रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष मेरी तिर्की व मीनू सिंह द्वारा नारी न्याय सदस्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभारी प्रीति उपाध्यक्ष, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह उपस्थित हुई। समारोह में महिलाओं के बीच नारी न्याय कीट वितरण किया गया, जिसमें पार्टी झंडा, पेन, संविधान बुकलेट, बैच आदि शामिल था।




# चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह का हत्यारा सहित दो गिरफ्तार

**रांची** : रांची पुलिस ने दो बड़े क्रिमिनल्स को दबोचा है। इनमें राजधानी रांची के जाने-माने चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह को मौत के घाट उतारने वाला राशिद अंसारी और छोटू गद्दी के भाई की जान लेने का संदेही गुनहगार चिंकु देवा उर्फ समद मेराज शामिल हैं। दोनों को पुलिस लंबे अरसे से खोज रही थी। इस बात का खुलासा आज DIG सह रांची पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने किया।

पुलिस कप्तान ने बताया कि मिली गुप्त सूचना के आधार पर दोनों को धरा गया है। गिरफ्तार राशिद अंसारी को नरेंद्र सिंह की हत्या मामले में कोर्ट दोषी करार दे चुकी है। वहीं, उसे उम्रकैद और 10 हजार रुपये हर्जाना की सजा भी सुना चुकी है। चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह का मर्डर पांच अक्टूबर 2018 में लोअर बाजार थाना क्षेत्र के रोसपा टावर में कर दिया गया था। साथ ही तीन लाख रुपये की डकैती कर ली गयी थी। 11 अपराधियों ने मिलकर इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया था। बाकी अपराधी जेल में हैं। राशिद अंसारी फरार था, जो अब पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है। राशिद अंसारी अब अपनी बाकी की जिंदगी जेल में काटेगा।



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मेडिका अस्पताल पहुंच कर लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य तथा इलाज से संबंधित जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने अपने सांसद मद से 25 लाख के योजनाओं का किया शिलान्यास

**रांची**। वीर बिरसा नगर सरना समिति ईस्ट जेल रोड में रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ के सांसद मद से 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है इस अवसर पर रांची विधायक सी पी सिंह के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के मुख्य संरक्षक रवि मुंडा ने किया एवं बिरसा नगर के सभी नागरिक उपस्थित हुए।संजय सेठ ने कहा कि अपनी धरोहर की रक्षा एवं उससे सुरक्षित करने के लिए सामुदायिक भवन का होना अति आवश्यक है

## सौर ऊर्जा से सिंचाई की नई पहलः पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने सौर ऊर्जा से सिंचाई का अवलोकन किया

**रांची**। मांडर प्रखंड के सोंसई आश्रम में पूर्व मंत्री और झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने सौर ऊर्जा से चलने वाले ट्रॉली बेस और 2 एचपी सोलर वाटर पंप का प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उनकी सिंचाई की जरूरतों को पूरा करना है।

बंधू तिर्की ने कहा कि उनका ध्येय किसानों को ज्यादा से ज्यादा फ़ायदा पहुंचाने का है। सोलर पैनल से तालाब, नदी, कुआं, डैम, तेल और बिजली के माध्यम से सिंचाई की जा सकती है, जिससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों में कमी आएगी। पहले चरण में सोंसई, बुढ़ाखुखरा और बिसहाखटंगा गांवों में चार-चार सेट दिए जा रहे हैं, जिन्हें 10-10 किसानों की समितियों को सौंपा जाएगा।





इस अवसर पर उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस तकनीक का अधिकतम उपयोग करें और खेती में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील आरीफ हसन मलिक, सेरोफीना मिंज, सरीता तिग्गा, रसीद अंसारी, मेरी उरांव, रिना उरांव, पिर्ति उरांव एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



## आंदोलनकारी ललित कुमार महतो ने मंत्री दीपक बिरुवा को आवेदन सौंपा है

**रांची**। ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन आजसू बृहत झारखंड के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सह चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी ललित कुमार महतो ने मंत्री दीपक बिरुवा को आवेदन सौंपा है जिसमे कोरोणा काल में तीन से चार गुना मनमानी बढ़ाया गया भाड़ा पर अतिसीघ्र रोक लगाते हुए उचित भाड़ा का दर निर्धारित किया जाय ज्ञात हो की रांची से जमशेदपुर 125 किलोमीटर की दूरी पर भाड़ा है 300 रू से 350 रू (नॉन एसी/एसी) जबकि रांची से कोलकाता 410 किलोमीटर पर मात्र 400 भाड़ा है, वो भी एसी, स्लीपर आदि सभी मे। सबसे ज्यादा लूट टाटा से रांची रूठ पर है, इसी तरह पूरे झारखंड के हर क्षेत्र के मार्ग पर लगभग यही हाल है।

## सीएम हेमंत सोरेन से बोकारो DC और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष ने की शिष्टाचार मुलाकात





रांची ।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बोकारो जिले की उपायुक्त विजया जाधव और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष शशिकर सामंता ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने मुख्यमंत्री को नव वर्ष 2025 की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री सोरेन ने भी दोनों अधिकारियों को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके आगामी कार्यों के लिए सफलता की कामना की।

## रांची जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत की ठोस पहल की गई




रांची जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत की ठोस पहल की गई है। संबंधित विभागों को शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेने और उसका समाधान करने का निर्देश दिया गया है। आप भी अपनी शिकायत/समस्याएं सीधे (9430328080) व्हाट्सएप पर दर्ज करा सकते हैं। कृपया अपनी शिकायत निम्नलिखित प्रारूप में साझा करें:- पता :-पिन कोड (वार्ड संख्या या पंचायत सहित):-प्रखण्ड :-मोबाइल संख्या :-शिकायत :- शिकायत से संबंधित दस्तावेज :-परेश गट्टानी

## रांची के स्टेशन रोड स्थित एक होटल के कमरे से युवक का शव बरामद हुआ



रांची के स्टेशन रोड स्थित एक होटल के कमरे से युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान दानिश इस्लाम के रूप में हुई है। वह सिमडेगा जिले के बानो का रहने वाला था और रांची की एक जींस फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार दानिश 6 जनवरी को एक युवती के साथ होटल के कमरे में ठहरा था। युवती ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह बाथरूम में थी। जब वह बाहर आई तो देखा कि दानिश ने आत्महत्या कर ली है। शोर मचाने पर होटल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दानिश की मौत हो चुकी थी।

## सरकार विकास की रेस में आगे, अधिकारी और कर्मचारी भी रेस में हो जाएं शामिल -शिल्पी नेहा तिर्की

रांची : कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो प्रखंड कार्यालय में सरकार की योजनाओं को लेकर मैराथन बैठक की। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों से कहा कि सरकार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर रेस है। लेकिन जब तक अधिकारी और कर्मचारी रेस नहीं होंगे ,तब तक सरकार की योजना लाभुकों के दहलीज नहीं पहुंच पाएगी। आज के समय ये जरूरी है कि सरकार के द्वारा विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजना को समय पर लाभुक तक पहुंचाना। मंत्री ने कहा है कि इसको लेकर अधिकारी और कर्मचारियों को टास्क दिया गया है। खासकर VLW कृषि विभाग की योजनाओं पर फोकस करेंगे।

बेड़ों में हाथी प्रभावित क्षेत्र में लगेगा विशेष कैंप , बांटे जाएंगे पटाखा और टॉर्च




मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ों में बिजली विभाग के अधिकारियों को भी जर्जर तार बदलने के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति का निर्देश दिया गया है।

16 जनवरी को ऊर्जा मित्रों का एक कार्यशाला आयोजित किया गया है। इसके साथ ही हाथी के प्रभाव वाले क्षेत्र को लेकर भी प्रखंड के अधिकारियों को कैंप लगाने का निर्देश दिया गया है। इस कैंप के माध्यम से ग्रामीणों के बीच पटाखा , टॉर्च का वितरण किया जाएगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि योजनाओं को जमीन पर उतारने की आवश्यकता है। आज भी सरकार की योजनाएं कागज तक ही सीमित है। कृषि विभाग में 700 करोड़ राशि का PL अकाउंट में रहना इसका प्रमाण है। इस लिए जरूरी है कि योजना की राशि भी खर्च हो और लाभुक को इसका लाभ भी मिले।

## शातिर अभ्यस्तः अपराधकर्मी सहवान अंसारी धराया



**जामताड़ा** जामताड़ा थाना क्षेत्र में मोटरसाईकिल चोरी कि घटना पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा द्वारा एक विशेष टीम गठित किया गया एक व्यकित जो मोटरसाईकिल चालक को पकड़ लिया गया जॉच के दौरान विदित हुआ कि वह व्यकित शातिर अभ्यस्तः अपराधकर्मी सहवान अंसारी पिता-बाबुजान मियाँ सा०-बन्दरचुओं, थाना-नारायणपुर जिला जामताड़ा है। उसके पास से जप्त मोटरसाईकिल चोरी का पाया गया एवं उसके स्वीकारोक्ति के आधार पर छः(06) अन्य मोटरसाईकिल ग्रा०-बन्दरचुओं, शहरपुर, एवं हरनाडेंगाल से कुल सात मोटरसाईकिल बरामद किया गया।

# खूनी संघर्ष में SDPO जख्मी, किये गये रेफर



धनबाद : धनबाद में हुये हिंसक झड़प में बाघमारा SDPO पुरुषोत्तम कुमार सिंह जख्मी हो गये। इस बवाल में SDPO के सिर में गंभीर चोट लगी है। उन्हें इलाज के लिये बड़े अस्पताल रेफर किया गया है। संभवतः उन्हें रांची के मेडिका में एडमिट कराया जा सकता है। यहां याद दिला दें कि आज यानी गुरुवार को मधुबन और धर्माबांध थाना क्षेत्र के बीसीसीएल खरखरी कोलियरी के जंगल में हिंसक झड़प हुई। गोलीबारी से लेकर बमबाजी तक की गयी। बम के धमाकों से पूरा इलाका थर्रा उठा था। वहीं, इस खूनी लफड़े में एक युवक की जान चली गयी थी। वहीं, दर्जनों लोग जख्मी हो गये। कई बाइक को फूंक डाला गया। इस हिंसक झड़प की वजह एक निजी कंपनी की बाउंड्री निर्माण को बताया जा रहा है। बताया गया कि यह विवाद पिछले एक महीने से चल रहा था, जब एक पक्ष ने कंपनी की बाउंड्री निर्माण का विरोध किया था। वहीं, दूसरा पक्ष कंपनी के समर्थन में था। पहला पक्ष हिस्सेदारी न मिलने के कारण नाराज था। इस तनाव के बावजूद बुधवार से निर्माण कार्य फिर से शुरू हुआ, जिस पर विरोध जताते हुए दूसरा पक्ष बाबूडीह बस्ती और आसपास के गांवों से दर्जनों युवकों के साथ खरखरी जंगल पहुंच गया और फिर झड़प ने हिंसक रूप ले लिया।



# 10 जनवरी को 12.15बजे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी प्रदेश कार्यालय में ग्रहण करेंगे भाजपा की सदस्यता

प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,प्रदेश सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद रहेंगे उपस्थित

रांची।उड़ीसा के निवर्तमान राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास कल 10 जनवरी को 12.15बजे पूर्वाह्न प्रदेश कार्यालय में भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण करेंगे। रघुवर दास महामहिम राज्यपाल पद के शपथग्रहण के पूर्व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। महामहिम राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद रघुवर दास फिर से सक्रिय राजनीति में आ रहे हैं। पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास कल भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे और भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद सहित प्रदेश पदाधिकारी गण,बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह



धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पूर्व की भांति जिला स्तरीय मुख्य समारोह रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्लाटूनों द्वारा परेड और विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरकारी कर्मी, पुलिस पदाधिकारी, राजस्व कर्मी, पंचायत सेवक, जनसेवक को सम्मानित किया जाएगा। संध्या न्यू टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी विभागों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को झांकी में दर्शाने तथा झांकी में उत्कृष्ट एवं अच्छे संदेश प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। झांकी से पूर्व विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा ड्रील किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला सशस्त्र बल, झारखंड सशस्त्र बल, एनसीसी, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, होमगार्ड के प्लाटूनों द्वारा परेड में हिस्सा लिया जाएगा। परेड का पूर्वाभ्यास 20 जनवरी से 23 जनवरी तक किया जाएगा। वहीं 24 जनवरी को उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक फाइनल पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करेंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रणधीर वर्मा स्टेडियम में सुबह 9:00 बजे उपायुक्त द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद उपायुक्त द्वारा समाहरणालय में सुबह 10:30 बजे, मिश्रित भवन में उप विकास आयुक्त द्वारा सुबह 10:45 बजे, अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सुबह 10:50 बजे, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी भवन में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सुबह 11:00 बजे, पुलिस लाइन में वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा 11:10 बजे तथा गांधी सेवा सदन में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर द्वारा 11:30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।

इन विभागों द्वारा निकाली जाएंगी झांकियां

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उत्पाद विभाग, टाटा स्टील जामाडोबा, बीसीसीएल होंगे।

# केंद्रीय कोयला मंत्री कृष्ण रेड्डी देर शाम प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे



रांची। केंद्रीय कोयला मंत्री कृष्ण रेड्डी देर शाम प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे। कृष्ण रेड्डी झारखंड के सरकारी दौरे पर रांची आए हैं। प्रदेश कार्यालय में उनका स्वागत क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू सहित प्रदेशमंत्री सरोज सिंह,प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास, राकेश भास्कर,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज, अन्य ने किया।

**रांची**। गू गू टोली चर्च रोड रांची मैं दिनांक 9-01-.2025 वार्ड नंबर 15 मैं असहाय महिला एवं पुरुष को नगर निगम के द्वारा एवं पूर्व वार्ड पार्षद jarmin टोप्पो के द्वारा कंबल वितरण किया गया जिसमें अटल khesh अजीत लाकड़ा प्रदीप लकड़ा विमल नाग लक्ष्मण खाल को अजय टोप्पो जॉन तीर की बिकी ली सम्मिलित हुए।

# शहरपुरा हटिया के दुकानदार घबराएं नहीं हटिया था और हटिया ही रहेगा:लक्की



**सिंदरी**:-शहरपुरा हटिया में धनबाद नगर निगम के द्वरा 1.95 करोड़ की लागत से निर्माण हो रहे है वेंडिंग ज़ोन को सुचारू रूप कार्य होने के लिए विगत दिनों एफसीआईएल द्वरा नोटिस जारी कर कुछ दिनों के लिए रांगामाट्टी गणेश पूजा मैदान में हटिया लगाने के लिए सब्जी दुकानदार को आदेश दिया गया था । जिसके बाद भी दुकानदार जगह को खाली करने के लिए तैयार नही थे और अपनी मद्दत की गुहार को लेकर भाजपा नेता लक्की सिंह के आवास पर पहुँचे और अपनी जीविका पार्जन बचाने की आग्रह किया । वही गुरुवार को शहरपुरा हटिया में एक बैठक का आयोजन किया गया जहाँ सभी दुकानदार एफसीआईएल के अधिकारी व भाजपा नेता लक्की सिंह शामिल हुए । दुकानदारों ने सामुहिक रूप से कहाँ की वर्षो पहले शहरपुरा मार्केट हटिया लगया जाता था फिर वहा से हटा कर हमलोग को यहाँ लाया गया अब यहाँ से भी जाने की बात कही जा रही है जिस में हमलोग को काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है ।




# कदाचार मुक्त वातारण में दूसरे दिन संपन्न हुई प्रि-बोर्ड टेस्ट परीक्षा

**बोकारो**। उपायुक्त विजया जाधव के पहल पर गुरूवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में मैट्रिक के छात्र – छात्राओं का प्रि-बोर्ड टेस्ट का आयोजन किया गया। आज कदाचारमुक्त वातावरण में दूसरे दिन की परीक्षा संपन्न हुई। सभी प्रखंडों में संचालित परीक्षा का संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी ने जायजा लिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि गणित, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषय की समेकित विषयों की परीक्षा ली गई है। आज कुल 11,106 छात्र - छात्राओं ने परीक्षा दी है। जिसका मूल्यांकन अंतर प्रखंड शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। जानकारी हो कि, उपायुक्त जिले के मैट्रिक – इंटर परीक्षा में प्रदर्शन को लेकर काफी गंभीर है। प्रदर्शन को बेहतर करने एवं जिले की रैंकिंग में सुधार को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। स्वयं उपायुक्त ने प्रि-बोर्ड टेस्ट परीक्षा को लेकर दो विषयों का प्रश्न पत्र तैयार किया है। शेष विषयों के लिए प्रश्न पत्र विभिन्न सरकारी – निजी विद्यालयों के विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया है।

# ऑनलाइन एटीएएल एफडीपी के तीसरे दिन नवीकरणीय ऊर्जा और एआई आधारित स्थायी उत्पाद डिजाइन पर चर्चा



**धनबाद**। मेदिनीनगर– एआईसीटीई-एटीएएल द्वारा प्रायोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) "स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण स्थिरता (सीईईएस-2025)" के तीसरे दिन, नवीकरणीय ऊर्जा चुनौतियों के समाधान और नवीन तकनीकों पर चर्चा की गई। इस एफडीपी का आयोजन गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज (जीईसी) पलामू के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया है। दिन की मुख्य आकर्षण "स्कल्प्चरल सोलर फ्लावर" का प्रदर्शन था, जो एक उन्नत तकनीक है। इसमें स्व-सफाई (सेल्फ-क्लीनिंग) फोटोवोल्टिक पैनल लगे हैं, जो अधिकतम दक्षता के लिए खुलते और बंद होते हैं।

# ईसीआरकेयू कर्मचारी हित मे काम और संगठन को मजबूत करने के लिए हुई बैठक



**धनबाद**। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ईसीआरकेयू का एक बैठक धनबाद हिल कॉलोनी स्थित शाखा दो कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक का अध्यक्षता शाखा के अध्यक्ष एन के खवास द्वारा किया गया जबकि इस बैठक में केंद्रीय अपार महामंत्री मोहम्मद जियाउद्दीन और केंद्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष के उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें धनबाद के तीनों शाखा धनबाद शाखा एक धनबाद शाखा दो और धनबाद लाइन शाखाके पदाधिकारी ने भाग लिए इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और कर्मचारियों का हित में काम करना। उपस्थित दोनों केंद्रीय पदाधिकारी ने बताया कि हम लोगों को इस समय को एक अवसर के रूप में लेना है और कर्मचारियों के हितों और उनकी समस्याओं के समाधान और ज्यादा काम कर सकेंगे एवं इसके लिए ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के दिशा निर्देश पर समय-समय पर धरना प्रदर्शन करते रहेंगे इस बैठक कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा किया गया साथ ही साथ कर्मचारियों को यह आश्वासन भी दिया गया की जिस तरह से यूनियन पहले काम कर रहा था काम करते रहेगा इस बैठक मे कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा किया गया साथ ही साथ कर्मचारियों को यह आश्वासन भी दिया गया की जिस तरह से यूनियन पहले काम कर रहा था काम करते रहेगा।





# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज जिला परिवहन कार्यालय में जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी ने, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) कार्यालय में ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने तथा जिले के सभी थानों में एक साथ यातायात के नियमों का पालन कराने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान एमवीआई अभय कुमार, एमवीआई शुभम कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी असिस्टेंट देवेन्द्र कुमार तथा कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

# शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रथ (एलइडी वान) के माध्यम से आमलोगों को जागरूक किया जा रहा है.



**बोकारो** : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रथ (एलइडी वान) के माध्यम से आमलोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत चास नगर निगम, सेक्टर 4, बोकारो मॉल, सेक्टर 9, बेरमो, जैनामोड़, नयामोड़ और बोकारो स्टील सिटी के अंतर्गत अन्य स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक किया गया तथा सभी लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित वीडियो प्रदर्शित कर लोगों को जानकारी दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने जानकारी दी कि जागरूकता रथ के माध्यम से आमजनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जा रहा है। इसके माध्यम से जिले के प्रमुख चौक चौराहा सहित अन्य जगहों पर जाकर यातायात नियमों के पालन हेतु हेलमेट और सीट बेल्ट के फायदे से संबंधित वीडियो क्लिप लोगों को दिखाया जा रहा है तथा लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अन्य कई तरह के कार्यक्रम भी किया जा रहा है। उन्होंने आगे जानकारी दी कि यातायात नियमों के अनुसार दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों को हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करना अनिवार्य है। साथ ही वाहन चालक अपने और अपने परिवार के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन जरूर करे।

# हथियार के साथ तीन अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लातेहार** : जिले के मनिका थाना क्षेत्र में छापामारी अभियान चला कर पुलिस ने पिस्टल के साथ तीन अपराधियो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में पप्पू कुमार, अक्षय कुमार और प्रमोद यादव शामिल हैं। सभी मनिका थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। एसडीपीओ भरत राम ने गुरुवार को मनिका थाना परिसर में संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एनएचआई के ठेकेदारों से रंगदारी लेने और दहशत फैलाने की योजना बनाकर हथियार के साथ कुछ अपराधकर्मी मनिका की ओर आ रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस की टीम ने मनिका थाना क्षेत्र के दुमुहान के पास वाहन चेकिंग अभियान शुरु की। इसी क्रम में एक बाइक पर सवार होकर तीन लोग वहां आते दिखे। पुलिस के जरिये जब उन्हें रुकने का प्रयास किया गया तो वह लोग भागने लगे। लेकिन पुलिस टीम ने तीनों को खदेड़ कर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों की जब छानबीन की गई तो उनके पास से एक पिस्टल भी बरामद हुआ। पूछताछ के क्रम में अपराधियों ने स्वीकार किया कि उन लोगों के जरिये रंगदारी वसूली की योजना बनाई गई थी। छापामारी दल मे थाना प्रभारी शशि कुमार, एसआई सत्येद्र कुमार, मनोज कुमार, आरक्षी उदित कुमार, भीम कच्छप समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# एसजीएफआई राज्य स्तरीय अंडर 19 बालिका क्रिकेट ओपन ट्रायल 12 जनवरी को

**रांची**। स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय अंडर 19 बालिका स्कूली क्रिकेट ओपन ट्रायल 12 जनवरी 2025 को स्थानीय साउथ रेलवे कॉलोनी चुटिया रांची में सुबह 8:00 बजे से आयोजित की जाएगी। इस चयन ट्रायल के माध्यम से 29 से 03 फरवरी तक राजस्थान के उदयपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अंडर-19 बालिका क्रिकेट टीम झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी ।

- ट्रायल हेतु आवश्यक सूचनाएं - ट्रायल देने वाले खिलाड़ियों का जन्म 01-01-2006 अथवा इसके बाद का होना चाहिए।
- ट्रायल में सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल के छात्र भाग ले सकते हैं। - ट्रायल हेतु एलिजिबिलिटी फॉर्म में फोटो और नीचे प्रधानाध्यापक या प्रभारी का सिग्नेचर दोनों जगह होना अनिवार्य है। एलिजिबिलिटी फॉर्म के अलावा आधार कार्ड और बोनाफाइड सर्टिफिकेट भी लाना अनिवार्य है। ट्रायल हेतु 12 जनवरी को सुबह 7:00 बजे से 8:00 तक ही खिलाड़ियों को अपना रिपोर्टिंग अथवा रजिस्ट्रेशन कर लेना है 8:00 बजे के बाद कोई रजिस्ट्रेशन नहीं की जाएगी या रिपोर्टिंग नहीं मानी जाएगी। ट्रायल लेदर बोल से ली जाएगी। ट्रायल के लिए अपना क्रिकेट किट लेकर आना है। ट्रायल व्हाइट यूनिफॉर्म में देना होगा इसलिए सभी कोई व्हाइट यूनिफॉर्म और स्पोर्ट्स शू पहन के आएंगे।
- ट्रायल से संबंधित जानकारी हेतु झारखंड शिक्षा परियोजना शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के क्रिकेट प्रशिक्षक चंद्रदेव सिंह-8789843533, एवं जगजीत सिंह -7903800051 से संपर्क कर सकते हैं



# नॉन एलटीएच को भुगतान कर शिफ्टिंग की प्रक्रिया में लाएं तेजी : उपायुक्त

**धनबाद**। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिफ्टिंग की प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि 81 साइट्स में एक हजार से अधिक नॉन टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) के लिए बेलगड़िया में आवास चिन्हित किए गए हैं। जिन्हें मुआवजा की राशि देखकर शिफ्ट किया जाना है। इस पर उपायुक्त ने शीघ्र मुआवजा का भुगतान कर शिफ्टिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने प्रत्येक महीने की 15 तारीख को बेलगड़िया में विशेष कैंप लगाकर वहां के निवासियों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, जन्म - मृत्यु प्रमाण पत्र, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हेल्थ चेकअप कैंप सहित राज्य सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने बेलगड़िया टाउनशिप में सिवरेज, पेयजल की सुविधा, कॉलोनी में सड़क की मरम्मत एवं चौड़ीकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बेलगड़िया के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उपायुक्त ने अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूह बनाने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान बेलगड़िया टाउनशिप में इलेक्ट्रिक बस चलाने, स्कूल, हॉस्पिटल, जन वितरण प्रणाली, सामुदायिक भवन निर्माण, हर आवास में विद्युत कनेक्शन, हर आवास में नल से पेयजल कनेक्शन, बैंक एटीएम की संख्या बढ़ाने, चिल्ड्रन पार्क, धार्मिक स्थल, साफ सफाई, सिवरेज मेंटेनेंस के लिए एजेंसी का चयन, आवासों की मरम्मत, डेयरी बूथ की स्थापना, इंटरनेट व मोबाइल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने इत्यादि

# धर्माबाँध ओपी अंतर्गत बाबुडीह स्थित आउटसोर्सिंग के 500 मीटर के परिधि में तत्काल

**धनबाद**। अनुमंडल दंडाधिकारी राजेश कुमार ने धर्माबाँध ओपी अंतर्गत बाबुडीह स्थित आउटसोर्सिंग के 500 मीटर के परिधि में भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता (भा.ना.सु.सं.) की धारा 163 के तहत तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निषेधाज्ञा जारी की है। इस संबंध में अनुमंडल दंडाधिकारी ने कहा कि दिनांक - 09.01.2025 को धर्माबांध ओपी अंतर्गत बाबुडीह में आउटसोर्सिंग कंपनी हिलटॉप कंपनी में वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में मारपीट एवं आगजनी की घदना घटित हो गयी है। जिससे वहाँ विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई है। इसलिए लोक परिशांति एवं विधि-व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से भा.ना.सु.सं. की धारा-163 के तहत धर्माबाँध ओपी अंतर्गत बाबुडीह स्थित आउटसोर्सिंग के 500 मीटर के परिधि में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निषेधाज्ञा जारी की गई है। इस निषेधाज्ञा के जारी होने के उपरांत उस क्षेत्र में पाँच या उससे अधिक व्यक्तियों का आन्दोलन के उद्देश्य से एकत्रित होना, किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन, रैली, सभा, ध्वनी विस्तारक यंत्र का उपयोग करना, हरवे हथियार एवं आग्नेयास्त्र के साथ चलने अथवा उसके प्रयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा तथा किसी भी प्रकार के निर्माण संबंधी कार्य पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

# नोएल टाटा की बेटियां रतन टाटा इंस्टीट्यूट के बोर्ड में शामिल, खुलकर सामने आए मतभेद



**रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा को पिछले साल अक्टूबर में टाटा ट्रस्ट्स का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। अब उनकी दो बेटियों को सर रतन टाटा इंडस्ट्रियल इंस्टीट्यूट (SRTII) के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज में शामिल किया गया है। इस पर मतभेद भी सामने आ गए हैं।**

**नई दिल्लीः** टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा की बेटियों माया और लीह को सर रतन टाटा इंडस्ट्रियल इंस्टीट्यूट (SRTII) के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज में शामिल किया गया है। यह सर रतन टाटा ट्रस्ट का एक सबसेट है जो ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के दो प्रमुख शेयरधारकों में से एक है। माया और लीह टाटा ने अरनाज कोटवाल और फ्रेडी तलाटी की जगह ली है। इन दोनों ने एसआरटीआईआई के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही नोएल टाटा के बच्चे सभी छोटे आकार के टाटा ट्रस्ट्स के बोर्ड में शामिल हो गए हैं। उन्हें अभी दो मुख्य ट्रस्टों सर रतन टाटा ट्रस्ट एंड अलाइड ट्रस्ट्स और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और अलाइड ट्रस्ट्स में शामिल किया जाना बाकी है। लीह (39), माया (36) और नेविल (32) नोएल टाटा के तीन बच्चे हैं। नोएल टाटा दिवंगत रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। उन्हें अक्टूबर 2024 में टाटा ट्रस्ट्स का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। ट्रस्टीज में बदलाव ने आंतरिक मतभेद पैदा कर दिया है। एक निवर्तमान ट्रस्टी अरनाज कोटवाल ने साथी ट्रस्टियों को पत्र लिखकर इस पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि नए ट्रस्ट्रीज को लाने के लिए जिस तरह से उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा गया, वह सही नहीं था। अपना इंतजाम खुद करो... नए साल में टाटा ग्रुप में बड़ा बदलाव, बंद कर दी कई साल पुरानी परंपरा अरनाज की नाराजगी अरनाज ने साथी ट्रस्टीज को लिखे पत्र में लिखा, 'चूंकि मैं अब दुबई में हूं और काफी सोच-विचार के बाद मैंने बुर्जिस के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। लेकिन मुझे बहुत दुःख हुआ कि आप में से किसी ने भी इस मामले के बारे में मुझसे सीधे बात करने के लिए संपर्क नहीं किया। मुझे इस बात से हैरानी हुई कि सीईओ सिद्धार्थ शर्मा के गाइडेंस में एक अजनबी ने मुझसे संपर्क किया। इन दोनों का SRTII से कोई संबंध नहीं है।' बुर्जिस तारापोरवाला टाटा ट्रस्ट्स में एग्जीक्यूटिव हैं और सिद्धार्थ शर्मा सीईओ हैं। तारापोरवाला को भेजे गए एक अलग ईमेल में उन्होंने कहा कि नोएल टाटा की ओर से तारापोरवाला ने उन्हें रिजाइन देने को कहा है और इसलिए वह इस्तीफा दे रही हैं।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण किस दिन पेश करेंगी बजट? जानें कितने बजे से देख सकेंगे लाइव




**अगले महीने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केंद्रीय बजट 2025 पेश करेंगी। इसमें टैक्सपेयर्स और किसानों समेत काफी लोगों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जा सकती हैं। हर बार की तरह इस बार भी बजट एक फरवरी को पेश किया जा सकता है। हालांकि सरकार की तरफ से अभी कोई ऐलान नहीं हुआ है।**

**नई दिल्लीः** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले महीने केंद्रीय बजट 2025 पेश करेंगी। इस बजट में इनकम टैक्स में छूट समेत कई नई घोषणाएं की जा सकती हैं। यह मोदी 3.0 का दूसरा पूर्ण बजट होगा। मोदी 3.0 का पहला बजट पिछले साल 23 जुलाई को पेश किया गया था। इस बार निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किया जाने वाला यह लगातार आठवां बजट होगा।

**किस तारीख को पेश होगा बजट?** इस बार वित्त मंत्री एक फरवरी को बजट पेश करेंगी। यह बजट संसद में 11 बजे पेश किया जाएगा। हालांकि केंद्र सरकार की ओर से अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। केंद्रीय बजट पिछले कुछ वर्षों से प्रत्येक वर्ष फरवरी के पहले दिन पेश किया जाता है। अगर किसी कारण एक फरवरी को वीकेंड या सार्वजनिक अवकाश होता है तो इसे किसी और दिन भी पेश किया जा सकता है।

इस बार एक फरवरी शनिवार की है। क्या बजट किसी और दिन पेश किया जाएगा, इस बारे में अभी सरकार की ओर से कोई जानकारी नहीं आई है। जब तक सरकार की ओर से कोई जानकारी न आए, तब तक मान सकते हैं कि इस बार बजट एक फरवरी को ही पेश किया जाएगा। हालांकि ऐसा पहले कई बार हो चुका है जब केंद्रीय बजट शनिवार को पेश किया गया था। इस बार शनिवार एक फरवरी को शेयर मार्केट खुली रहेगी। वैसे शनिवार और रविवार को शेयर मार्केट बंद रहती है और किसी भी प्रकार की कोई ट्रेडिंग नहीं होती। चूंकि इस बार एक फरवरी को बजट पेश होगा, ऐसे में शेयर बाजार भी खुला रहेगा। बजट घोषणाओं पर तत्काल बाजार प्रतिक्रिया पर नजर रखने के लिए शेयर बाजार खुले रहते हैं। **कहां देख सकेंगे लाइव?** बजट को आप एक फरवरी सुबह 11 बजे से लाइव देख और सुन सकते हैं। इसका लाइव प्रसारण डीडी न्यूज और संसद टीवी पर किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न न्यूज चैनल पर भी बजट का प्रसारण हो सकता है। संसद टीवी और डीडी न्यूज के यूट्यूब चैनल पर भी बजट को देखा और सुना जा सकता है। बजट से नौकरीपेशा को ज्यादा उम्मीद रहती है। माना जा रहा है कि इस बार बजट में इनकम टैक्स में छूट सीमा बढ़ाई जा सकती है। इसे बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो टैक्सपेयर्स को काफी राहत मिलेगी।

# एजुकेशन लोन का पेमेंट, सब्सिडी पर घर... ग्रेजुएट Gen Z छात्रों पर मेहरबान हुईं जापानी कंपनियां




**नई दिल्लीः** सोचिए, आपने अभी ग्रेजुएशन भी पूरी नहीं की है और कंपनी आपको जॉब देने के लिए बाहर लाइन लगाए खड़ी हैं। आपकी प्रतिभा को देखते हुए ये कंपनियां आपका एजुकेशन लोन का पेमेंट खुद करने को तैयार हैं। साथ ही आपको सब्सिडी पर घर भी दिला रही हैं। आप शायद हैरान हो जाएं लेकिन जापान में ऐसा हो रहा है। फॉर्च्यून की एक खबर के मुताबिक जापान की कंपनियां प्रतिभाशाली Gen Z (जनरेशन Z) ग्रेजुएट को नौकरी देने के लिए पलकें बिछाए खड़ी हैं। बता दें कि जनरेशन Z उस उम्र के युवाओं को कहते हैं जिनका जन्म साल 1997 से साल 2012 के बीच हुआ हो। जापान में कंपनियां प्रतिभाशाली जेन Z ग्रेजुएट को अपने यहां नौकरी देने के लिए तरह-तरह से लुभा रही हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि जापान में बुजुर्ग लोगों की आबादी तेजी से बढ़ रही है। वहीं जन्म दर भी काफी कम है। इस कारण कंपनियों को प्रतिभाशाली युवा बड़ी मुश्किल से मिल रहे हैं। **कंपनियां कई तरह के दे रहीं ऑफर** जापान में काफी छात्र एजुकेशन लोन के बोझ से दबे हैं। कई जेन Z छात्रों के लिए लोन का पेमेंट करना और अच्छे घर का खर्च उठाना एक सपना जैसा लग सकता है। लेकिन प्रतिभाशाली जापानी युवा छात्रों के लिए ये सारी समस्याएं कंपनियां खुद दूर कर रही हैं। इन युवाओं को किराए पर घर दिलाने में आधे से ज्यादा रकम की सब्सिडी भी दे रही हैं। नाश्ता और रात का खाना भी उपलब्ध करा रही हैं। इनके अलावा कैफे जैसी सुविधाएं भी दे रही हैं। **एक साल पहले ही मिला ऑफर** रिसर्च इंस्टीट्यूट शुशोकू मिराई केनक्यूशो (Shushoku Mirai Kenkyusho) की साल 2024 की एक रिपोर्ट के अनुसार इस साल मार्च में ग्रेजुएट होने वाले 40 फीसदी से अधिक जापानी स्टूडेंट को पढ़ाई खत्म होने से एक साल पहले ही कम से कम एक जॉब का ऑफर मिल चुका है। साल 2016 के बाद यह पहली बार है जब जापान में ग्रेजुएट छात्रों को इतना ऑफर मिला है। **कितनी है जापान में बुजुर्गों की हिस्सेदारी?** जापान सरकार के डेटा के मुताबिक जापान की कुल आबादी में 65 या उससे अधिक उम्र के लोगों की हिस्सेदारी 30 फीसदी हो गई है। स्वास्थ्य, श्रम और कल्याण मंत्रालय के मुताबिक जापान में जन्म दर में भी गिरावट आई है। यह रेकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। मंत्रालय की साल 2024 की रिपोर्ट के अनुसार साल 2023 में जन्म दर में 5.7% की गिरावट आई।

# जंगली फलों से खड़ा किया कैंडी और अचार का कारोबार, हैरान कर देगा मणिपुर की इस महिला का संघर्ष




***नई दिल्लीः*** *किसी भी कारोबार की शुरुआत करना आसान नहीं होता है। खासतौर से सिंगल मदर के लिए। लेकिन जिद के आगे सारी चुनौतियां फीकी पड़ जाती हैं। ऐसी ही चुनौतियां से पार पाया है मणिपुर की रहने वाली यांगमिला जिमिक ने। अब जब मणिपुर में हिंसा फैली हुई है, ऐसे में उनके लिए कारोबार करना कुछ मुश्किल हो रहा है लेकिन हौसले बुलंद हैं। 52 साल की यांगमिला ने अपने कारोबार की शुरुआत मात्र 500 रुपये से की थी। आज उनका टर्नओवर महीने का एक लाख रुपये से ज्यादा है। यांगमिला जंगली फलों से कैंडी और अचार बनाती हैं। उनकी कंपनी का नाम शिरीन प्रोडक्ट्स (Shirin Products) है। वह न केवल प्रोडक्ट बेचती हैं बल्कि स्थानीय किसानों और महिलाओं को भी सशक्त बना रही हैं।* ***21 साल की उम्र में बनी मां*** *यांगमिला मात्र 21 साल की उम्र में मां बन गई थीं। उन्हें कहीं से कोई सपोर्ट नहीं मिला। उन्हें अपने नवजात बच्चे को अकेले पालना पड़ा। कोई गुजारा भत्ता भी नहीं मिला। यांगमिला ने बताया कि शुरू में उनके पिता ने उनकी कुछ मदद की। लेकिन उनके पिता के गुजर जाने के बाद वह मदद भी बंद हो गई। ऐसे में सारी जिम्मेदारी उन्हें खुद उठानी पड़ी।*

***10वीं की पढ़ाई छोड़ बिजनस में रखे कदम*** *यांगमिला का सफर बहुत आसान नहीं रहा। परिवार की आर्थिक स्थिति संभालने के लिए उन्हें 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ गई। इसके बाद उन्होंने सब्जियां तक बेचनी पड़ीं। यही नहीं, उन्होंने चाय की दुकान भी चलाई। साथ ही सेकेंड हैंड कपड़े बेचना और यहां तक कि मुर्गी पालन का काम भी किया।*

*यांगमिला का कोई भी काम सही से नहीं चला, लेकिन वह बताती हैं कि हर प्रयास ने कई सबक दिए। बाद में उन्होंने जंगली फलों से बनी ताजी कैंडी में मौका दिखाई दिया। इसके लिए उन्होंने साल 2015 में घर पर ही प्रयोग करना शुरू किया। उन्होंने अपने गांव और उसके आस-पास से जंगली फलों का इस्तेमाल करके अचार और कैंडी बनाना शुरू किया।*

# हिट हो गई LIC बीमा सखी योजना! एक महीने में 50 हजार का आंकड़ा पार, महिलाओं को मिलते हैं 7000 रुपये महीने

**एलआईसी की बीमा सखी योजना ने एक ही महीने में धूम मचा दी है। इसे पिछले महीने लॉन्च किया गया था। एक महीने में इसमें 50 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। वहीं काफी महिलाओं ने पॉलिसी बेचना भी शुरू कर दिया है। इस स्कीम के अंतर्गत 10वीं पास महिलाओं को 7 हजार रुपये महीने तक मिलते हैं।**




**नई दिल्लीः** एलआईसी की बीमा सखी योजना महिलाओं को काफी पसंद आ रही है। अभी तक 50 हजार महिलाओं ने इसमें रजिस्ट्रेशन करा लिया है। यह तब है जब इस स्कीम को शुरू हुए एक ही महीना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 दिसंबर को पानीपत से इस योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना में 10वीं पास महिलाओं को हर महीने 7 हजार रुपये तक की सैलरी और कमीशन मिलती है।

एलआईसी की इस स्कीम को महिला सशक्तिकरण के जरिए विकसित भारत की पहल के तहत लॉन्च किया गया था। बुधवार को एलआईसी ने कहा कि इस स्कीम के लॉन्च होने के बाद से लेकर अब तक एक महीने में 52511 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इनमें से 27695 बीमा सखियों को पॉलिसी बेचने के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। 14583 बीमा सखियों ने पॉलिसी बेचना शुरू कर दिया है। **क्या है यह स्कीम?** इस स्कीम के तहत महिलाओं को एलआईसी एजेंट बनने की ट्रेनिंग दी जाती है। इस दौरान हर महीने 7 हजार से 5 हजार रुपये भी दिए जाते हैं। साथ ही पॉलिसी कराने पर कमीशन भी दी जाती है।

योजना के तहत पहले वर्ष में 7 हजार रुपये महीना, दूसरे वर्ष में 6 हजार रुपये महीना और तीसरे वर्ष में 5 हजार रुपये महीने का स्टाइपेंड दिया जाता है। इस तरह तीन साल में कुल 2,16,000 रुपये की रकम दी जाएगी। इस स्कीम में आपको हर साल कुछ खास टारगेट पूरे करने होते हैं।

**कौन कर सकता है अप्लाई?** इस स्कीम में 18 साल से 70 साल के बीच की कोई भी 10वीं पास महिला अप्लाई कर सकती है। अप्लाई करने के लिए अपनी निकटतम ब्रांच जाकर जानकारी ले सकते हैं। साथ ही ऑफिशियल वेबसाइट पर भी जाकर अप्लाई कर सकते हैं। ऑनलाइन अप्लाई करने के लिए यहां क्लिक करें। एजुकेशन लोन का पेमेंट, सब्सिडी पर घर... ग्रेजुएट Gen Z छात्रों पर मेहरबान हुईं जापानी कंपनियां, आखिर क्यों हुआ ऐसा? किन डॉक्यूमेंट की पड़ती है जरूरत?

इस स्कीम में अप्लाई करने के लिए कई डॉक्यूमेंट की जरूरत पड़ती है। डॉक्यूमेंट के तौर पर दो लेटेस्ट पासपोर्ट साइज की फोटो, एज प्रूफ, एड्रेस प्रूफ और 10वीं पास के सर्टिफिकेट की सेल्फ अटेस्टेड कॉपी अटैच करनी होती है। साथ ही बैंक अकाउंट की डिटेल जमा करनी होती है।

**सरकारी नौकरी नहीं है यह** इस स्कीम के अंतर्गत महिलाओं को सरकारी नौकरी नहीं दी जाती। बल्कि उन्हें एलआईसी एजेंट बनाने की ट्रेनिंग दी जाती है। यानी इसमें एलआईसी के एजेंट के तौर पर काम करना होता है।

# लंबी-लंबी सुरंग, ऊंचे-ऊंचे पुल... कटरा-श्रीनगर रूट होगा बेहद खास, जानें कब से दौड़ेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**भारतीय रेलवे जल्द ही जम्मू और कश्मीर के बीच अपनी पहली ट्रेन सेवा शुरू करेगा। इस खंड पर ही कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन जल्द दौड़ेगी। यह ट्रेन 97 किलोमीटर लंबी कई सुरंगों और 4 मुख्य पुलों से गुजरेगी। इस ट्रेन में आम वंदे भारत के मुकाबले काफी एडवांस फीचर दिए गए हैं।**




**नई दिल्लीः** जम्मू और कश्मीर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को लेकर अपडेट सामने आए हैं। भारतीय रेलवे जल्द ही जम्मू और कश्मीर के बीच अपनी पहली ट्रेन सेवा शुरू करेगा। रेलवे ने बताया कि 111 किमी लंबे कटरा-बनिहाल सेक्शन का अंतिम मुआयना कर लिया गया है। इस खंड पर ही कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन दौड़ेगी। बता दें कि जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस इस महीने के अंत में कटरा (जम्मू में) से घाटी के बीच चल सकती है।

**कहां-कहां से गुजरेगी यह ट्रेन?** इस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को यात्रा का एक अलग ही अनुभव मिलेगा। यह ट्रेन कुल 97 किलोमीटर लंबी कई सुरंगों से गुजरेगी। साथ ही 7 किलोमीटर लंबे 4 मुख्य पुलों को भी कवर करेगी। दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज भी इसी रास्ते पर पड़ता है।

इस समय जम्मू रेलवे स्टेशन पर 8 प्लेटफॉर्म तैयार किए जा रहे हैं। कटरा से श्रीनगर के बीच चलने वाली इस वंदे भारत ट्रेन में अभी 8 कोच होंगे। इस ट्रेन के शुरू होने से जम्मू और श्रीनगर के बीच की दूरी कम हो जाएगी। इस ट्रेन के जरिए जम्मू से श्रीनगर करीब 3 घंटे में पहुंचा जा सकेगा।

**सामने आईं कई चुनौतियां**

इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में रेलवे को कई कठिन चुनौतियों से गुजरना पड़ा। सबसे कठिन चुनौती चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च ब्रिज को सहारा देने में आई थी। इसे तैयार करने में 30 हजार टन स्टील का इस्तेमाल किया गया है। दूसरी मुख्य चुनौती अंजी नदी पर भारत का पहला केबल स्टे ब्रिज बनाना था। इस खंड पर दो अन्य पुल रियासी ब्रिज और बक्कल ब्रिज हैं।

**ट्रेन में होंगी कई खूबियां**

रेलवे ने बताया कि जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन में कई खूबियां देखने को मिलेंगी। इसे विशेष रूप से एंटी-फ्रीजिंग फीचर्स के साथ डिजाइन किया गया है। साथ ही यात्रियों को आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का अनुभव देने के लिए रेलवे ने इस प्रोजेक्ट में एंटी-वाइब्रेशन भूकंपीय उपकरणों का इस्तेमाल किया है।

**सर्दी में होगा गर्मी का अहसास**

कश्मीर में चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस देश भर में चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस से अलग है। इसे इस प्रकार से डिजाइन किया गया है ताकि कश्मीर में पड़ने वाली ठंड का यात्रियों को अहसास ही न हो। अगर बाहर तापमान -20 डिग्री है तब भी ट्रेन में बैठे यात्रियों को गर्मी का अहसास होगा। ट्रेन में यात्रियों और ड्राइवरों के लिए हीटिंग सिस्टम लगे हैं। ड्राइवर के केबिन में विंडशील्ड में ऐसे फीचर दिए गए हैं जिसकी वजह से इस पर कोहरा या बर्फ नहीं जमती। इस कारण ड्राइवर को ट्रेन चलाने में कोई परेशानी नहीं होती। इसके अलावा ट्रेन में पानी को जमने से रोकने के लिए प्लंबिंग और बायो-टॉयलेट में हीटिंग एलीमेंट हैं।

# बजट से पहले नए-नए नियुक्त राजस्व सचिव का हो गया तबादला, जानिए अब किसे मिली है जिम्मेदारी

**बजट में अब करीब तीन हफ्ते का समय रह गया है। लेकिन उससे पहले वित्त मंत्रालय में एक बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। हाल में रेवेन्यू सेक्रेटरी बनाए गए अरुणीश चावला को दीपम में ट्रांसफर कर दिया गया है। उनकी जगह फाइनेंस सेक्रेटरी तुहिन कांत पांडे को नियुक्त किया गया है।**




**नई दिल्लीः** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी। इसमें अब करीब तीन सप्ताह का समय रह गया है। इस बीच सरकार ने नवनियुक्त रेवेन्यू सेक्रेटरी अरुणीश चावला को बुधवार को निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM) में ट्रांसफर कर दिया। उनकी जगह फाइनेंस सेक्रेटरी तुहिन कांत पांडे को नियुक्त किया गया है। 1987 बैच के ओडिशा कैडर के आईएएस अधिकारी पांडे वित्त मंत्रालय में सबसे वरिष्ठ सचिव हैं और पिछले पांच वर्षों से दीपम के प्रमुख पद पर हैं। इसके अलावा वह सार्वजनिक उद्यम विभाग के सचिव भी रह चुके हैं। चावला को 25 दिसंबर को राजस्व सचिव नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह फार्मास्यूटिकल्स विभाग में सचिव थे। हालांकि, अचानक किए गए बदलावों के पीछे कोई कारण नहीं बताया गया है। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि राजस्व विभाग एक व्यस्त विभाग है। खासकर बजट से पहले इस पर कड़ी निगरानी की जरूरत है। राजस्व सचिव होने के अलावा चावला संस्कृति सचिव भी हैं। कुछ दिन बाद गणतंत्र दिवस और महाकुंभ का भी आयोजन होना है। ऐसे में उन पर काम का काफी बोझ है। बजट से पहले फेरबदल

वित्त सचिव होने के नाते पांडे राजस्व, व्यय, आर्थिक मामलों और वित्तीय सेवा विभागों के साथ काम कर रहे हैं। ये सभी विभाग वित्त मंत्रालय का हिस्सा हैं। वित्त सचिव बजट प्रक्रिया का समन्वय करते हैं। नौकरशाही में बदलाव काफी सामान्य हैं लेकिन बजट से ऐन पहले वित्त मंत्रालय में हुआ फेरबदल चौंकाने वाला है। यह सब दिसंबर में संजय मल्होत्रा की आरबीआई गवर्नर के रूप में आश्चर्यजनक नियुक्ति के साथ शुरू हुआ। वित्त मंत्रालय के एक प्रमुख विभाग में बदलाव के कारण आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ को राजस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया क्योंकि जीएसटी काउंसिल की बैठक 21 दिसंबर को होनी थी। इसके बाद चावला को दो सप्ताह से भी कम समय के लिए राजस्व सचिव के रूप में नियुक्त किया गया।

# अमेरिका के 3 जंगलों में आग, 3000 एकड़ में फैली: हर मिनट 5 फुटबॉल मैदान के बराबर जगह जला रही; 30 हजार लोगों ने घर छोड़ा







**वॉशिंगटन** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में लॉस एंजिलिस के नजदीक 3 जंगलों में मंगलवार को भीषण आग लग गई। CNN के मुताबिक, पहले यह आग पेसिफिक पैलिसेड्स, ईटन और हर्स्ट के जंगलों में लगी, उसके बाद अब रिहायशी इलाकों में भी फैल रही है। पेसिफिक पैलिसेड्स में आग सुबह 10 बजे, ईटन में शाम 6 बजे और हर्स्ट में रात 10 बजे लगी। पेसिफिक पैलिसेड्स को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां आग डेढ़ दिनों में 3,000 एकड़ तक के एरिया में फैल चुकी है। आग की वजह से 30 हजार से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक पेसिफिक पैलिसेड्स में यह आग 1 मिनट में पांच फुटबॉल मैदान के बराबर जितनी जगह को जलाकर राख कर रही है। लॉस एंजिलिस एडमिनिस्ट्रेशन ने पूरे शहर में इमरजेंसी घोषित कर दी है। यह अमेरिका का सबसे ज्यादा आबादी वाला काउंटी है। यहां पर 1 करोड़ लोग रहते हैं। जंगल में फैल रही आग की वजह से यहां पर करीब 50 हजार लोगों को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है।

**कैलिफोर्निया एडमिनिस्ट्रेशन ने आम लोगों को प्रभावित इलाके में न जाने की सलाह दी है। इस बीच राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आर्थिक मदद की घोषणा की है।** **क्यों भड़क रही है आग**? हेलिकॉप्टरों और विमानों से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन तूफानी हवाओं के चलते आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। हवाओं की दिशा बदलने की वजह से भी आग लगातार अलग-अलग जगहों पर फैल रही है। प्रभावित इलाके में तैनात रेस्क्यू टीम हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रही है। स्थानीय स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों और अन्य सुरक्षित जगहों को इमरजेंसी शेल्टर के रूप में तैयार किया गया है। आग से न सिर्फ संपत्ति को नुकसान पहुंचा है बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर हानि हो रही है। सैकड़ों पेड़ और जानवर आग में जलकर खाक हो गए हैं। सड़कों पर जाम की वजह से लोग कारों को छोड़कर पैदल ही सुरक्षित ठिकानों की ओर जा रहे हैं। आग को भड़काने में 'सांता सना' हवाएं सबसे बड़ी वजह हैं। ये हवाएं बेहद गर्म होती हैं। ये आमतौर पर पतझड़ के मौसम में चलती हैं। ये हवाएं दक्षिण कैलिफोर्निया को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलहाल 130 से लेकर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं जिसकी वजह से नुकसान ज्यादा हो रहा है।

## दुबई में तालिबान के मंत्री से मिले भारतीय सचिव:आपसी व्यापार बढ़ाने पर बात हुई; तालिबान ने संकट में मदद के लिए भारत को शुक्रिया कहा



**दुबई** भारत और अफगानिस्तान ने बिजनेस, ट्रेस और स्पोर्ट्स के साथ मुद्दों पर चर्चा की। दुबई में बुधवार को अफगान तालिबान और भारतीय अधिकारियों के बीच एक हाई लेवल मीटिंग हुई। इस मीटिंग में भारत की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अफगानिस्तान की तरफ से तालिबान सरकार के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान ने हिस्सा लिया। इस बैठक का एजेंडा मानवीय और डेवलपमेंट सहायता, बिजनेस, ट्रेड, स्पोर्ट्स, कल्चरल रिलेशन, रीजनल सिक्योरिटी पर आधारित है। इस मीटिंग में ईरान के चाबहार बंदरगाह समेत अलग-अलग इलाकों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। अफगान मंत्री ने संकट के समय मदद करने के लिए भारत का आभार जताया। वहीं भारत की तरफ से कहा गया कि नई दिल्ली आने वाले वक्त में भी अफगान लोगों की डेवलपमेंट जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। विकास गतिविधियों की मौजूदा जरूरतों को देखते हुए यह फैसला किया गया है कि भारत आने वाले वक्त में अफगानिस्तान की विकास परियोजनाओं में शामिल होने पर विचार करेगा।

**दोनों देशों में स्पोर्ट्स रिलेशन मजबूत करने पर भी जोर** भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अफगानिस्तान के साथ अपने ऐतिहासिक और कल्चरल संबंधों को बहुत ज्यादा महत्व देता है। दोनों देशों ने अपने स्पोर्ट्स रिलेशन को भी मजबूत करने पर सहमति जताई। खासकर क्रिकेट, जिसे दोनों देशों में काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। भारत का कहना है कि वो आने वाले वक्त में अफगानिस्तान के विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। इस बैठक से दो दिन पहले ही भारत ने अफगानिस्तान में की गई पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक की निंदा की है। 24 दिसंबर को की गई इस एयरस्ट्राइक में अफगानिस्तान के कई महिलाओं और बच्चों समेत 46 लोग मारे गए थे। भारत ने पाकिस्तान की निंदा करते हुए कहा कि अपनी घरेलू नाकामियों का दोष दूसरों पर मढ़ना इस्लामाबाद की पुरानी आदत है। हम निर्दोष नागरिकों पर किसी भी हमले की साफ तौर से निंदा करते हैं। अफगान सरकार ने इस हमले को लेकर पाकिस्तान को वार्निंग भी दी थी। जबकि पाकिस्तान का कहना था कि उसने यह एयरस्ट्राइक सीमा पार चल रहे आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर की है।

**अभी तक तालिबान को किसी देश की डिप्लोमेटिक मान्यता नहीं** अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत को 3 साल से ज्यादा वक्त हो चुका है, लेकिन अभी तक उन्हें किसी भी देश से डिप्लोमेटिक मान्यता नहीं मिली है। 2021 के बाद से भारत सरकार भी लगातार तालिबान से संपर्क बनाए हुए है, लेकिन अभी तक उसे डिप्लोमेटिक मान्यता नहीं दी है।

## यूनुस सरकार ने शेख हसीना का पासपोर्ट रद्द किया: भारत ने हसीना का वीजा बढ़ाया



**ढाका** बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने मंगलवार को जुलाई में हुई हिंसा की वजह से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 97 लोगों का पासपोर्ट रद्द कर दिया। बांग्लादेश की न्यूज एजेंसी BSS के मुताबिक इसमें से 22 पासपोर्ट जबरन गायब किए गए लोगों के हैं, जबकि शेख हसीना सहित 75 लोगों के पासपोर्ट जुलाई में हुई हत्याओं में शामिल होने के कारण रद्द किए गए। शेख हसीना का पासपोर्ट रद्द होने के कुछ देर बाद ही भारत सरकार ने उनका वीजा बढ़ा दिया। इससे साफ हो गया है कि भारत हसीना को बांग्लादेश डिपोर्ट नहीं करेगा।

इससे पहले 6 जनवरी को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भी हसीना को डिपोर्ट करने के लिए भारत से अपील कर चुकी है। बांग्लादेश में पिछले साल आरक्षण की लिमिट बढ़ाए जाने के बाद शेख हसीना के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए थे। जुलाई में हुए प्रदर्शन की एक तस्वीर। बांग्लादेश में पिछले साल आरक्षण की लिमिट बढ़ाए जाने के बाद शेख हसीना के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए थे। जुलाई में हुए प्रदर्शन की एक तस्वीर।

**हसीना से भारत आकर पूछताछ करने को भी तैयार** बांग्लादेश के इंडिपेंडेंट इन्क्वायरी कमीशन के हेड मेजर जनरल फजलुर रहमान का कहना है कि अगर भारत शेख हसीना को डिपोर्ट नहीं करता है तो, कमीशन उनसे भारत आकर पूछताछ करने को भी तैयार है।

दरअसल, 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद शेख हसीना ने भागकर भारत में पनाह ली थी। वे तब से यही पर हैं। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। शेख हसीना 5 अगस्त की शाम अपनी बहन के साथ ढाका से गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पहुंची थीं। शेख हसीना 5 अगस्त की शाम अपनी बहन के साथ ढाका से गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पहुंची थीं। **भारत और बांग्लादेश के बीच प्रत्यर्पण समझौता क्या है**? साल 2013 की बात है। भारत के नॉर्थ-ईस्ट उग्रवादी समूह के लोग बांग्लादेश में छिप रहे थे। सरकार उन्हें बांग्लादेश में पनाह लेने से रोकना चाहती थी। इसी वक्त बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन के लोग भारत में आकर छिप रहे थे। दोनों देशों ने इस समस्या से निपटने के लिए एक प्रत्यर्पण समझौता किया।

इसके तहत दोनों देश एक-दूसरे के यहां पनाह ले रहे भगोड़ों को लौटाने की मांग कर सकते हैं। हालांकि इसमें एक पेंच ये है कि भारत राजनीति से जुड़े मामलों में किसी व्यक्ति के प्रत्यर्पण से इनकार कर सकता है, लेकिन अगर उस व्यक्ति पर हत्या और किडनैपिंग जैसे संगीन मामले दर्ज हों तो उसके प्रत्यर्पण को रोका नहीं जा सकता। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक इस समझौते की बदौलत, बांग्लादेश ने 2015 में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम के नेता अनूप चेतिया को भारत को सौंपा था। भारत भी अब तक बांग्लादेश के कई भगोड़ों को वापस भेज चुका है। समझौते में 2016 में हुए संशोधन के मुताबिक, प्रत्यर्पण की मांग करने वाले देश को अपराध के सबूत देने की जरूरत भी नहीं है। इसके लिए कोर्ट से जारी वारंट ही काफी है।

**आरक्षण के खिलाफ आंदोलन ने किया था तख्तापलट** पिछले साल बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जॉब में 30% कोटा सिस्टम लागू किया था, इसके बाद से ही ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। यह आरक्षण खत्म कर दिया गया तो छात्रों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग शुरू कर दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग प्रधानमंत्री और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गईं। इसके बाद अंतरिम सरकार की स्थापना की गई।

## ग्रीनलैंड पर ट्रंप की धमकी के बाद नाटो में बढ़ा तनाव, जर्मनी और फ्रांस ने दी चेतावनी

**डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बयानबाजी के बाद यूरोप के अंदर तनाव बढ़ता जा रहा है। जर्मनी और फ्रांस ने ग्रीनलैंड पर टिप्पणी को लेकर चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा है कि ग्रीनलैंड पर सैन्य बल के इस्तेमाल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।**

**बर्लिन/पेरिसः** नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड को लेकर दी गई धमकी को लेकर अमेरिका और उसके सहयोगियों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने की ट्रंप की धमकी के बाद अब नाटो के दो प्रमुख देशों ने चेतावनी दी है। जर्मनी और फ्रांस ने पहली बार इसे लेकर बयान दिया है, जिसमें ग्रीनलैंड के मुद्दे पर अमेरिका को यूरोपीय एकजुटता का संदेश दिया गया है। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए सैन्य बल के उपयोग की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

**सीमाओं की अखंडता का सिद्धांत हर देश पर** जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप की धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'सीमाओं की अखंडता का सिद्धांत हर देश पर लागू होता है, चाहे वह बहुत छोटा हो या बहुत शक्तिशाली।' वहीं, फ्रांसीसी विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने कहा कि 'इसमें निश्चित रूप से कोई सवाल नहीं है कि यूरोपीय संघ दूसरे देशों को अपनी संप्रभु सीमाओं पर हमला करने देगा।' ट्रंप ने ग्रीनलैंड को बताया अमेरिका के लिए अहम



इसके पहले मंगलवार को डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को हासिल करने की अपनी इच्छा फिर से दोहराई थी। ट्रंप ने कहा था कि आर्कटिक द्वीप अमेरिका की राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को अमेरिका को लेकर कई बार बयान दे चुके हैं। उत्तरी अमेरिका और यूरोप के सबसे छोटे सबसे छोटे समुद्री रास्ते पर स्थित ग्रीनलैंड अमेरिका के लंबे समय से सहयोगी डेनमार्क का स्वायत्तशासी क्षेत्र है। डेनमार्क ने साफ कर दिया है कि ग्रीनलैंड किसी को देने के लिए नहीं है और यह उसके निवासियों का है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूट एगेडे डेनमार्क से स्वतंत्रता के लिए जोर दे रहे हैं, लेकिन उन्होंने भी ट्रंप के बयान के बाद कहा कि यह क्षेत्र बिक्री के लिए नहीं है। इस बीच जर्मनी के चांसलर स्कोल्ज ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन की ओर से आने वाले बयानों के बारे में कुछ गलतफहमी है। 'सीमाओं की अखंडता का सिद्धांत हर देश पर लागू होता है, चाहे वह पूर्व में हो या पश्चिम में।'

जर्मनी और फ्रांस की तरह ही डेनमार्क भी अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो गठबंधन का सदस्य है। स्कोल्ज ने जोर देकर कहा कि 'नाटो हमारी रक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण साधन है और ट्रांस अटलांटिक संबंधों का केंद्र है।' वहीं, फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने बुधवार को फ्रांस इंटर रेडियो से कहा, 'अगर आप मुझसे पूछ रहे हैं कि क्या अमेरिका ग्रीनलैंड पर हमला करेगा, तो मेरा जवाब है नहीं।' **फ्रांस ने ताकत बढ़ाने की कही बात** उन्होंने आगे कहा, 'क्या हम ऐसे युग में प्रवेश कर चुके हैं, जिसमें सबसे योग्य व्यक्ति ही जीवित बचेगा? इसका उत्तर है हां। तो क्या हमें खुद को भयभीत होने देना चाहिए और चिंता से अभिभूत होना चाहिए? साफ तौर पर नहीं। हमें जागना चाहिए, अपनी ताकत बढ़ानी चाहिए।' इसके पहले मंगलवार को जब मार-ए-लागो एस्टेट में ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह ग्रीनलैंड या पनामा नहर पर कब्जा करने के लिए सैन्य या आर्थिक बल का उपयोग करने से इनकार करेंगे।

## दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की आ गई रैंकिंग, कंगाल पाकिस्तान तो सोमालिया से भी पीछे, जानें भारत का नंबर




**लंदनः** साल 2025 की पहली छमाही के लिए दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट की रैंकिंग जारी हो गई है। इसे प्रतिष्ठित संस्था हेनले एंड पार्टनर्स ने प्रकाशित किया है। यह इंडेक्स इस आधार पर पासपोर्ट को रैंक करता है कि उस पासपोर्ट को रखने वाले बिना किसी पूर्व वीजा के कितने देशों में जा सकते हैं। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स के अनुसार, सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया में सबसे ताकतवर है, जिसे रखने वाले दुनिया के 195 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं। इसमें भारत और पड़ोसी देश पाकिस्तान की भी रैंकिंग दी गई है। जापान का पासपोर्ट दुनिया में दूसरा के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। जापानी पासपोर्ट पर 193 देशों में वीजा फ्री यात्रा की अनुमति मिलती है। दक्षिण कोरिया, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्पेन और फिनलैंड संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इनके पासपोर्ट पर 192 देशों में वीजा फ्री प्रवेश की अनुमति है। चौथे नंबर पर आस्ट्रिया, डेनमार्क, आयरलैंड, लक्जमबर्ग, नॉर्वे, स्वीडन और नीदरलैंड हैं, जिनके पासपोर्ट पर 191 देश वीजा फ्री एंट्री देते हैं। 190 देशों प्रवेश के साथ बेल्जिम, पुर्तगाल, न्यूजीलैंड, स्विटजरलैंड और ब्रिटेन के पास दुनिया का सबसे ताकतवर पासपोर्ट है। ऑस्ट्रेलिया और ग्रीस का छठा नंबर है, जो 189 देशों में वीजा फ्री यात्रा की अनुमति देता है। 188 देशों में वीजा फ्री यात्रा के साथ कनाडा, माल्टा और पोलैंड सातवें नंबर पर हैं। भारत के पड़ोसी पाकिस्तान के पासपोर्ट की हालत बहुत दयनीय है। पाकिस्तान एक बार फिर सबसे कमजोर पासपोर्ट वाले देशों में शामिल हुआ है। पाकिस्तान का पासपोर्ट 103वें नंबर है।



हेयरकट करवाना है तुम्हें, पर समझ नहीं आ रहा कि कौन-सा करवाएं। घर पर कोई बताने वाला भी नहीं है। हम है न! हम बताते हैं कि इस साल कौन-सा हेयरकट हिट रहेगा?

# हेयरकट हिट जलवा फिट

**मम्मा** की पसंद का हेयरकट बहुत करवा लिया। कैटरीना, करीना और प्रियंका चोपड़ा जैसा हेयरकट करवाना है तुम्हें, पर मम्मा है कि समझती नहीं हैं। उन्हें लगता है कि तुम पढ़ाई में कम और फैशन में ज्यादा ध्यान देने लगी हो। अब ये बात उन्हें कौन समझाए कि हेयरकट करवाने से तुम कितनी स्मार्ट दिखोगी। सब तारीफ करेंगे तुम्हारी और ये सब मम्मा को अच्छा लगेगा ही। जल्दी से मम्मा को मनाओ कि तुम अपना हेयरकट करवाना चाहती हो, ताकि सब उनसे तुम्हारी तारीफ कर सकें। लेकिन, 2010 के ट्रेंड को ध्यान में रखकर ही हेयरकट करवाना।

**एक्स्ट्रा शॉर्ट ब्लॉन्ड:** तुम्हारे बाल पतले और हल्के हैं, तो तुम पर ये हेयरकट सूट करेगा, क्योंकि घने बालों पर ही थोड़े लंबे हेयरकट अच्छे लगते हैं, लेकिन इस तरह का हेयरकट हार्ट शेप या ओवल शेप वाले चेहरे पर ही अच्छा लगता है। ये हेयरकट आसानी से कैरी हो जाते हैं। इन्हें आप रोज शैंपू कर सकते हैं। अब मौसम बदल रहा है। एकाध महीने में गर्मियां भी आ जाएंगी। उसके बाद तो मन करेगा कि रोज बाल धोएं। तुम्हारे बालों की क्वालिटी कुछ ऐसी ही है, तो फटाफट अपना हेयरकट करवा डालो।

**बॉब कट:** प्रियंका चोपड़ा तो तुम्हें जरूर पसंद होगी। उसका फिगर और हेयरकट है ही बड़ा कमाल का। प्रियंका ने प्यार इंपॉसिबल के लिए जो हेयरकट करवाया है, वो यही तो है। छोटे-छोटे बाल कानों तक। अगर तुम्हारा फिगर भी कुछ ऐसा ही है, तो यकीनन तुम पर ये हेयरकट सूट करेगा। कर्ली और वेवी बालों पर भी बॉब कट सूट करता है। इस हेयरकट की सबसे अच्छी बात यह है कि सब तरह के फेसकट पर सूट करता है।

**बैंग्स:** बैंग्स सुनने में बड़ा अटपटा लगता है, पर है वही पुराना साधना कट जैसा। कुछ-कुछ वैसा ही दिखता है। आगे की तरफ गिरे हुए बाल। कैटरीना कैफ आजकल बैंग्स हेयरकट में दिखती है। पता है, इस हेयरकट में तुम बार्बी डॉल जैसी दिखोगी। लेकिन किसी ऐरू-गेरू पॉर्लर से ये हेयरकट मत करवाना। किसी ढंग के पार्लर में जाकर ही हेयरकट करवाना। उन्हें पता रहता है कि बाल कैसे काटने हैं। थोड़ा खर्च होगा पर तुम्हारे दोस्त कम से कम तुम्हारी हंसी नहीं उड़ाएंगे।

**पिक्सी:** शॉर्ट हेयरस्टाइल में पिक्सी सबसे ट्रेंडी हेयरकट है, लेकिन ये पतले चेहरे पर ही अच्छा लगते हैं। इसे मैंटेन करना भी आसान है। पिक्सी में चॉपी और शैगी दो ऑप्शन हैं। पिक्सी हेयरकट पीछे से छोटे और आगे से थोड़े गिरे हुए होते हैं। ये हेयरकट सबसे ज्यादा ट्रेंडी और मॉडर्न लुक देता है। तुम्हारे बाल अगर बढ़ते नहीं हैं, तो आंख मूंदकर ये हेयरकट करवा लो। इसी बहाने थोड़ी स्टाइलिश दिखोगी।

**बन हेयरस्टाइल:** बन बनाने के लिए टाइम चाहिए होता है। दीपिका पादुकोण अक्सर साड़ी में इसी हेयर स्टाइल के साथ दिख चुकी है। बन थोड़े लंबे बालों में ही बन पाता है। बाल कम से कम कंधों तक तो हों, वरना बन बनाने में असुविधा होती है। अगर तुम हेयरकट नहीं करवाना चाहती और फैमिली की शादी में तुम्हें स्टाइलिश भी दिखना है, तो इसी हेयरस्टाइल में वहां जाना।

**सेडू हेयरस्टाइल:** सेडू यानी सिडक्टिव हेयरकट। थोड़े लंबे और चमकदार बालों में ही सेडू हेयरकट बनता है। सेडू हेयरस्टाइल में हर तरह के कर्ली और वेवी बालों पर सूट करते हैं। तुम्हारे बाल लंबे, चमकदार और स्ट्रेट हैं, तो तुम इस हेयरस्टाइल में स्मार्ट दिखोगी। फ्रिंज हेयरकट तुम अपने चौड़े माथे से परेशान हो और कुछ करवाना चाहती हो, ताकि तुम्हारा माथा छिप सके। फिर हम तुम्हें यह हेयरकट रखने की सलाह देंगे, क्योंकि इससे तुम्हारा चौड़ा माथा छुप जाएगा। हॉलीवुड अभिनेत्री कैट मॉस यही हेयरकट रखती हैं।





# घर संभालने की कला

**दोस्तों** घर का हिसाब-किताब करना हो या रिश्तेदारी निभाना, घरेलू मोर्चा संभालने की जिम्मेदारी तो महिलाओं पर ही रहती है। अक्सर पुरुषों को इन मामलों में फिसड्डी ही समझा जाता है, लेकिन कुछ समय पहले हुए एक शोध के मुताबिक कहानी कुछ और ही है। कैलिफोर्निया में हुए इस शोध का कहना है कि अगर पुरुषों को मौका दिया जाए तो वे एक अच्छे होम मेकर साबित हो सकते हैं। तकरीबन 350 महिलाओं और पुरुषों पर किए गए इस अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि अगर एक बार उन्हें घर संभालने की जिम्मेदारी दे दी जाए तो वे उसे काफी अच्छे तरीके से निभाना पंसद करते हैं।

इस रिसर्च के मुख्य शोधकर्ता जेड विडसन आंकड़ों को आधार बनाकर बताते हैं कि करीब 71 फीसदी पुरुष अपनी तनख्वाह के मुताबिक ही खर्च करते हैं, जबकि 53 प्रतिशत महिलाएं क्षमता से ज्यादा। लगभग 73 प्रतिशत पुरुष अपने आमदनी के हिसाब से शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड्स, जीवन बीमा व अन्य बचत योजनाओं आदि पर निवेश करने पर प्राथमिकता देते हैं, जबकि केवल 4 फीसदी महिलाएं ही निवेश के बारे में गहरी जानकारी रखती हैं। अब आप कहेंगे कि केवल बचत करने से क्या, उन्हें खाना बनाना भी तो आना चाहिए, लेकिन हम आपको बताते चलें कि अमूमन पुरुष 'मुझे तो खाना बनाना आता ही नहीं' कहकर काम से बचकर निकल जाते हैं। लेकिन अगर एक बार पुरुष पाक कला सीख जाएं तो वह उसमें भी एक्सपर्ट हो जाते हैं। यकीन नहीं आया न, जरा आस-पास नजर दौड़ाइए, आपको सबसे बेहतरीन शेफ पुरुष ही मिलेंगे।

हैंडबैग महिलाओं के लुक को न केवल विशेष बनाता है, बल्कि व्यक्तित्व को उभारता भी है। मौजूदा दौर में हैंडबैग महिलाओं का आवश्यक साथी बन चुका है। हैंडबैग व पर्स का रंग व आकार यदि जूतों, कद काठी व वस्त्रों से मेल खाता हुआ हो तो बात कुछ खास हो जाती है।



# पर्सनैलिटी के अनुसार हो हैंडबैग

**आम** तौर पर सफेद, काल, मैरून, भूरे, सिल्वर व सुनहरी हैंडबैंग लगभग सभी पोषकों से मैच कर जाते हैं। अवसर के मुताबिक औपचारिक समारोह में जाते समय या खरीदारी करते समय और नौकरी पर जाते समय आवश्यकतानुसार चीजें भरकर अलग-अलग हैंडबैंग का प्रयोग करना चाहिए।

- कॉलेज व ऑफिस जाने वाली युवतियों को खुशनुमा आधुनिक डिजाइन के जूट, कपड़े, रेक्सिन या चमड़े के कमर तक लटकने वाले हैंडबैंग काम में लाने चाहिए।
- अध्यापन व प्रशासनिक दायित्वों से जुड़ी महिलाओं को सिम्पल डिजाइन का एकरंगा हैंडबैग व पर्स लेना चाहिए।
- दुबली, पतली छोटे कद की महिलाओं को चौड़े स्टैप वाले बड़े आकार के चपटे हैंडबैग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इन पर हल्के-फुल्के स्टेप वाले गोलाकार या पंचकोणनुमा शेप के हैंडबैग खूब फबते हैं।
- नाटी व मोटी महिलाओं को भी बहुत बड़े या छोटे हैंडबैग का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इन्हें कमर से लटकने वाले हैंडबैंग की बजाय हैण्डिल वाले मध्यम आकार के हैंडबैग काम में लेने चाहिए।
- लम्बे कद की महिलाओं पर थोड़े बड़े लटकने वाले हैंडबैंग फबते हैं। शादी व स्वागत समारोह जैसे मांगलिक अवसरों पर पोशाक से मेल खाते मखमल या शनील के पर्स बहुत अच्छे लगते हैं।

## इन बातों का रखें ध्यान

चमचमाते साफ-सुथरे हैंडबैग जहां सुरुचिपूर्ण व्यक्तित्व के परिचायक हैं, वहीं बेडौल शेप के उखड़ी जिप वाले, बेकार सामान से भरे हैंडबैग फूहड़ व्यक्तित्व की चुगली खाते नजर आते हैं।

- इससे बचने हेतु अनावश्यक चीजें हैंडबैग में न रखें। इससे जिप व तनियों, स्ट्रेपसद्ध पर अनावश्यक बोझ पड़ता है और वे जल्दी खराब हो जाते हैं। फालतू चीजें भरी रहने से चीजें भी तुरंत मिल नहीं पातीं।
- बरसात के दिनों में चमड़े व हैंडबैग व पर्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि पानी की नमी से ये बेडौल हो जाते हैं और इनमें फफूंद लग जाती है। हैंडबैग व पर्स का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर रख देना चाहिए।
- अधिक समय तक जब पर्स का प्रयोग न करना हो तो उसमें कागज भर कर रखें, ताकि आकार ठीक बना रहे। इन्हें बच्चों व फालतू जानवरों को खेलने के लिये देना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे इनके खराब होने का डर बना रहता है।



हर महिला को सबसे ज्यादा खुशी तब होती है जब वो मां बनती है, पर कामकाजी महिलाओं के लिए ये खुशी कुछ हद तक मायने रखती है क्यों कि उन्हे इसके लिए अपना करियर को छोड़ना पड़ सकता है।

**प्रांरभ** में जब महिलाएं गर्वभती होती थी तब उनका एक ही काम था, अपना व अपने बच्चे का ख्याल रखना और उनका करियर का वही खत्म हो जाना, पर अब महिलाओं ने ऐसा तरीका खोज निकाला है जिससे वे अपना व करियर दोनो को संभाल सकती है।

### समझे अपने आपको

कामकाजी महिलाओं को दिन में ऑफिस और रात को घर का काम ये दोनो के मध्य अपना भी ध्यान रखना काफी मुश्किल भरा होता है। आम तौर पर महिलाओं को कुछ ऐसे तकलीफें से गुजरती है जो एक गर्वभती महिला ही समझ सकती है, तो ऐसे मे वे स्वंय अपना ख्याल रखें।

### सही समय पर सही काम

कामकाजी गर्वभती महिलाओं को अपने कामो का शेड्यूल बनना चाहिऐ ताकि उनके सारे काम सही समय पर हो सके। घर व ऑफिस का टाइम दोनो को ऐसा संतुलन को बनाए रखना चाहिएं की जिससे किसी भी काम को देरी न हो।

### न लें टेंशन

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपने आपको कूल रखना होता है, इससे डिलिवरी होते समय किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आती, इसके साथ आपको योगा, मसाज, वॉक आदि को अपनाते रहना चाहिए ताकि आपका आने वाला बच्चा स्वस्थ हो।

### ऐसा भी करें

- हेल्दी फूड समय-समय पर लेते रहे।
- हमेशा खुश रहने की कोशिश करती रहे।
- समय-समय पर चेकअप कराते रहना चाहिए।
- एक्सपर्ट की सलाह लें।
- आराम दिलाने वाले तरीकों को अपनाएं



# दिख रही आगे निकलने की चाहत?

**परंपरागत** माहौल में पली-बढ़ी स्त्री अपने दर्शन में स्पष्ट होती है कि उसका जीवन सिर्फ पर-सेवा और सबकी आंखों को भली लगने के लिए हुआ है। छोटी बच्चियां घर-घर, रसोई-रसोई, पार्लर-पार्लर खेलकर इसी सूत्र को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लेने की ट्रेनिंग लेते देखी जा सकती हैं। ठीक उसी समय जब उसकी उम्र के लड़के गन या पिस्तौल से मर्दानगी के पाठ पढ़ रहे होते हैं या कारों की रेस या बेमतलब की कूद-फांद, लड़ाई-झगड़े के खेल, खेल रहे होते हैं। इसे देखकर क्या कोई कह सकता है कि यही है गहरे संतुलित समाज की नींव? इस पर हमारा जवाब होगा, बिल्कुल नहीं।

आपने कॉलेज की बच्चियों को भी कभी कभी अपने बुजुर्गों से डांट खाते देखा होगा। कारण है कि ज्यादातर निम्न या मध्य वर्गीय परिवारों से आई हुई ये छात्राएं अपने लिए बेहद असुविधाजनक पहनावे को चुनने में पीछे नहीं हटती। गर्मी व उमस में सिंथेटिक कपड़े, बेहद ऊंची हील के सैंडल बार-बार फिसलते दुपट्टे में जड़ी तरह-तरह की लटकनें आदी। रास्तों में बाजारों में काम की जगहों में चमकीले तंग कपड़ों में फंसी, पल्ला और उसकी जगह-जगह उलझती लटकनें संभालती रंगी-पुती स्त्रियां, अपने आप संभलकर चल पाने में असमर्थ पति की बांह का सहारा लिए कभी-कभी लुढ़कने को होती स्त्रियां। अजीब-अजीब प्लेटफार्म वाले सैंडलों की हीक को मेट्रो और उसके प्लेटफार्म की दरार से निकाल कर हड़बड़ाती स्त्रियां। भले ही आज यह सभी की मजबूरी बन गया हो, लेकिन इतना तो साफ है कि समय बदल गया है और कल जो हाथ चूड़ियां पहनते थे वे अब लेपटॉप संथाले हुए हैं। मतलब साफ है कि अब दिख रही है आगे निकलने की चाहत!

# तलाक की अफवाह के बीच होटल के बाहर मिस्ट्री गर्ल के साथ दिखे युजवेंद्र चहल, फोटोग्राफर्स से छिपाने लगे चेहरा



**क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के बीच तलाक की खबरें चल रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया और चहल ने धनश्री के साथ तस्वीरें भी हटा दी हैं। इस बीच चहल की अनजान महिला के साथ होटल के बाहर देखा गया है।**

**नई दिल्लीः** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा की शादीशुदा ज़िंदगी में खटपट की खबरें सुर्खियों में हैं। 2020 में शादी के बंधन में बंधे इस जोड़े के बीच तलाक की अटकलें तब तेज हुईं जब दोनों ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। चहल ने अपनी पत्नी के साथ वाली तस्वीरें भी हटा दीं। मुंबई के एक होटल में चहल को एक अनजान महिला के साथ देखे जाने की खबरों ने आग में घी का काम किया।

**चेहरा छिपाने लगे युजवेंद्र चहल** द न्यू इंडियन की रिपोर्ट्स के मुताबिक युजवेंद्र चहल फोटोग्राफर्स को देखकर अपना चेहरा छुपाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन इस महिला के साथ उनकी तस्वीर ऑनलाइन लीक हो गई। तस्वीर में चहल सफेद टी-शर्ट और बैगी जींस में थे, और उनका चेहरा ढका हुआ था। महिला स्वेटशर्ट और काली जींस में घबराई हुई नजर आ रही थी। चहल जिस महिला के साथ देखे गए, उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। इस घटना ने तलाक की अफवाहों को और हवा दी है। **धनश्री ने इंस्टाग्राम पर डाला पोस्ट** युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा की शादी में दरार की खबरें 2022 से ही आ रही हैं। धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से चहल का सरनेम हटा दिया था। इसी के बाद से उनके रिश्ते में अनबन की अटकलें लगने लगी थीं। इन अफवाहों के बीच धनश्री ने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया। उन्होंने लिखा, 'पिछले कुछ दिन मेरे और मेरे परिवार के लिए बेहद कठिन रहे हैं। सबसे परेशान करने वाली बात है बिना तथ्य-जांच के आधारहीन लेखन और नफरत फैलाने वाले गुमनाम ट्रोल्स द्वारा मेरी प्रतिष्ठा को धूमिल करना।' उन्होंने आगे कहा, 'नकारात्मकता ऑनलाइन आसानी से फैलती है, लेकिन दूसरों का उत्थान करने के लिए साहस और करुणा की आवश्यकता होती है। मैं अपने सत्य पर ध्यान केंद्रित करने और अपने मूल्यों को थामे रखते हुए आगे बढ़ने का विकल्प चुनती हूं। सत्य को किसी औचित्य की आवश्यकता नहीं होती है। ओम नमः शिवाय।'


# पाकिस्तान ने ट्राई-सीरीज के वेन्यू बदलेःमुल्तान की बजाय लाहौर-कराची में मुकाबले; यहीं चैंपियंस ट्रॉफी के 7 मैच भी होंगे



पाकिस्तान में 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी खेली जाएगी। टीम टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के साथ होने वाली ट्राई सीरीज के वेन्यू बदल दिए हैं। 4 मैचों की सीरीज पहले मुल्तान में होने वाली थी, लेकिन अब मुकाबले लाहौर और कराची में खेले जाएंगे। इन्हीं 2 वेन्यू पर चैंपियंस ट्रॉफी के 7 मैच भी होने हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए PCB ने दोनों ही स्टेडियम का रिनोवेशन करवाया था। ट्राई-सीरीज 8 फरवरी से शुरू होगी। PCB ने बयान दिया, ट्राई सीरीज के साथ ही हमने तय कर दिया है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दोनों वेन्यू तैयार हैं। टूर्नामेंट का तीसरा वेन्यू रावलपिंडी है।

**मैच कराने के लिए पूरी तरह तैयार PCB** PCB ने स्टेटमेंट रिलीज करते हुए कहा, 'लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम का रिनोवेशन वर्क लगभग पूरा होने वाला है। इसीलिए बोर्ड ने दोनों वेन्यू को वनडे ट्राई सीरीज की मेजबानी दे दी। इससे पहले न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच होने वाली सीरीज मुल्तान में होने वाली थी।' पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका की ट्राई-सीरीज 8 फरवरी से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगी। **टेस्ट सीजन का एक भी मैच नहीं कराया** PCB ने चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए लाहौर, कराची और रावलपिंडी के स्टेडियम का रिनोवेशन पिछले साल ही शुरू कर दिया था। रिनोवेशन के कारण ही यहां टीम के 7 घरेलू टेस्ट भी नहीं हो सके। कराची में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट होना था, लेकिन उसे मुल्तान में कराया गया। मुल्तान में ही जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट भी खेले जाएंगे। पाकिस्तान 29 साल बाद ICC इवेंट की होस्टिंग करने जा रहा है। इससे पहले 1996 में देश को वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी मिली थी। इतने लंबे समय बाद मिली मेजबानी के चलते PCB को स्टेडियम का रिनोवेशन कराना ही पड़ा। गद्दाफी स्टेडियम के रिनोवेशन पर सबसे ज्यादा खर्चा और समय लगा, यहां दर्शक क्षमता को भी 35 हजार तक बढ़ा दिया गया। 2 नई डिजिटल स्क्रीन के साथ खिलाड़ियों के नए ड्रेसिंग रूम को भी इंस्टॉल किया गया। इसी तरह कराची के स्टेडियम को भी अपग्रेड किया गया। रावलपिंडी स्टेडियम में कम बदलाव हुए, जिस कारण यहां इंटरनेशनल और घरेलू मैच भी खेले गए। पाकिस्तान को पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिली है।

# विमेंस प्रीमियर लीग लखनऊ और बड़ौदा में होगीः BCCI ने वेन्यू फाइनल किए, 2 फेज में टूर्नामेंट



***भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी एक एनिमल लवर हैं, इस बात से लगभग हर कोई वाकिफ है। वहीं अब उनकी एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वह अपने पेट डॉग के बाल संवारते नजर आ रहे हैं।***

***नई दिल्लीः*** *भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एमएस धोनी इस वक्त अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। ऐसे में उनकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। धोनी उस वीडियो में अपने पेट डॉग की ग्रूमिंग कर रहे हैं। वह अपने डॉग के बालों में ब्रश करते हुए नजर आ रहे हैं, बालों को संवार रहे हैं। इस वीडियो में उनकी बेटी जीवा धोनी भी नजर आ रही हैं। बता दें कि जीवा के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर यह वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो की कैप्शन में लिखा हुआ है 'घर'। जीवा के पिता एमएस धोनी सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं रहते हैं। 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो गए थे धोनी*

*43 साल के एमएस धोनी 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो गए थे । उन्होंने 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस पर अपनी रिटायरमेंट का ऐलान किया था। हालांकि माही टेस्ट फॉर्मेट से तो 2014 में ही रिटायर हो गए थे। उन्होंने अपने करियर में भारतीय टीम के लिए 90 टेस्ट, 350 वनडे और 98 टी20 मुकाबले खेले हैं। टेस्ट में धोनी ने 4876, वनडे में 10773 तो टी20 में 1617 रन बनाए हैं। आईपीएल 2025 में एक्शन में नजर आएंगे धोनी आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने अपने रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की थी। उससे पहले इस बात की काफी चर्चा थी कि धोनी अगला आईपीएल (आईपीएल 2025) खेलेंगे या नहीं। क्या चेन्नई सुपर किंग्स उन्हें रिटेन करेगी या धोनी आईपीएल से भी संन्यास ले लेंगे? हालांकि चेन्नई की रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट सामने आने पर सब दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। धोनी को चेन्नई ने 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया। बहरहाल, अब धोनी आईपीएल के 18वें सीजन में एक्शन में नजर आएंगे।*

# मेरे चरित्र पर कीचड़ उछाला... चहल का नाम लिए बिना खूब बरसीं धनश्री वर्मा, खोलकर रख दी रिश्तों की सच्चाई

**चारों ओर भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा की तलाक की खबरें फैली हुईं हैं। कहा जा रहा है कि चहल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से धनश्री के साथ सारी फोटोज हटा दी हैं, हालांकि धनश्री ने अभी तक ऐसा नहीं किया है।**



भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से तलाक की खबरों के बीच पहली बार धनश्री वर्मा ने अपने चुप्पी तोड़ी है। धनश्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी भड़ास निकाली। इस दौरान उन्होंने तलाक की खबरों को पूरी तरह अफवाह और बकवास करार दिया। ये पहला मौका था, जब धनश्री ने सोशल मीडिया पर तलाक की खबरों पर कुछ कहा हो, इससे पहले चहल ने भी इसी तरह एक-दो इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर की थी। चलिए आपको बताते हैं तलाक की खबरों पर धनश्री वर्मा का क्या कहना था? **धनश्री ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर क्या लिखा**? अपने 6.3 मिलियन फॉलोवर्स वाले ऑफिशियल हैंडल @dhanashree9 पर स्टोरी शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'बीते कुछ दिन मेरे और मेरे परिवार के लिए बेहद कठिन रहे। आधारहीन खबरें, बिना फैक्ट चेक वाली न्यूज और अनजान ट्रोल्स द्वारा मेरा चरित्र हनन किया गया। नफरत फैलाने की कोशिश की गई। मैंने अपना नाम और पहचान बनाने के लिए सालों की मेहनत की है। मेरी खामोशी को कमजोरी नहीं बल्कि ताकत समझा जाए। सोशल मीडिया पर आसानी से नकारात्मकता फैलाई जा सकती है। मगर दूसरों को साथ में लेकर आगे बढ़ने के लिए हिम्मत चाहिए। मैंने अपने सच के साथ अडिग रहकर आगे बढ़ने का फैसला किया है। सच्चाई को किसी सबूत की जरूरत नहीं होती।'

**धनश्री वर्मा की इंस्टाग्राम स** भारत के नंबर वन लेग स्पिनर युजवेंद्र चङल ने 22 दिसंबर 2020 में मुंबई की कोरियोग्राफर और रियलिटी शो स्टार धनश्री वर्मा से शादी की थी। दोनों की प्रेम कहानी तब शुरू हुई जब चहल उस साल की शुरुआत में धनश्री की यूट्यूब डांस क्लास में शामिल हुए। जैसे-जैसे वे एक-दूसरे को जानने लगे, उनका रिश्ता बढ़ता गया, जिससे उनकी सगाई हुई और शादी हुई, जिसमें करीबी दोस्त और परिवार के लोग शामिल हुए। इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को किया अनफॉलो

धनश्री पर अक्सर पति युजवेंद्र चहल के अलावा दूसरों मर्दों के साथ तस्वीर क्लिक करवाने और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के भद्दे आरोप लगते रहे हैं। ट्रोल्स तो पूरी बेशर्मी के साथ क्रिकेटर श्रेयस अय्यर के साथ भी धनश्री का नाम जोड़ते थे। इस बीच पता चला कि युवजेंद्र और धनश्री ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है, जिसे तलाक के रूप में देखा जाने लगा। युजवेंद्र ने धनश्री के साथ सभी तस्वीरों को अपने अकाउंट से डिलिट कर दिया है।

# बुमराह को बर्बाद मत करो... जसप्रीत को कप्तान क्यों नहीं देखना चाहते कैफ, बताए ये कारण



***नई दिल्लीः*** *बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 भारतीय क्रिकेट टीम और उनके चाहने वालों के लिए बिल्कुल भी यादगार नहीं रही। टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से हराया। इस सीरीज के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर काफी सवाल उठ रहे हैं। उनकी खराब फॉर्म और कप्तानी की काफी आलोचना हो रही है।*

*वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जसप्रीत बुमराह ने अपनी क्लास दिखाई। उन्होंने अपनी गेंदबाजी से तो गर्दा उड़ाया ही। लेकिन साथ ही अपनी लीडरशिर स्किल्स से भी सबको इम्प्रेस किया भारत ने ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ एक टेस्ट जीता, वो भी बुमराह की कप्तानी में। सिडनी में खेले गए पांचवें और आखिरी टेस्ट में भी बुमराह कप्तानी कर रहे थे। लेकिन कमर में चोट की वजह से उन्हें स्कैन्स के लिए हॉस्पिटल जाना पड़ा। उसके बाद सिडनी टेस्ट में जस्सी ने गेंदबाजी नहीं की। हालांकि सिडनी टेस्ट तक आते-आते बुमराह ने काफी गेंदबाजी की। इसका नतीजा यह हुआ कि वह चोटिल हो गए। लेकिन अब फैंस और कई क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि बुमराह को भारत का अगला टेस्ट कप्तान बना देना चाहिए। लेकिन पूर्व भारतीय खिलाड़ी मोहम्मद कैफ ने इसका विरोध किया है। उनका मानना है कि बुमराह को कप्तान नहीं बनाना चाहिए। उन्हें विकेट लेने और फिट रहने पर फोकस करना चाहिए।*

***जसप्रीत बुमराह को लेकर क्या बोले मोहम्मद कैफ****? मोहम्मद कैफ ने जसप्रीत बुमराह को लेकर एक्स पर ट्वीट करते हुए कहा, 'बीसीसीआई को बुमराह को नियमित कप्तान नियुक्त करने से पहले दो बार सोचना चाहिए। उन्हें केवल विकेट लेने और फिट रहने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। अतिरिक्त नेतृत्व की जिम्मेदारी और ज्यादा भार से उन्हें चोट लग सकती है और एक उत्कृष्ट करियर छोटा हो सकता है। सोने की अंडे देने वाली मुर्गी को मत मारो। ' बता दें कि जसप्रीत बुमराह ऑस्ट्रेलिया में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने 32 विकेट झटके थे।*

# स्पिनर्स जिताएंगे चैंपियंस ट्रॉफी! रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल या कुलदीप यादव, किसे मिलेगा मौका?




**सिडनीः** 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी के आगाज में अब सिर्फ महीने भर का ही समय बचा है। भारत टूर्नामेंट में अपने मैच दुबई में खेलने हैं और बांग्लादेश के खिलाफ पहला मैच 20 फरवरी को खेला जाएगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में खेलने से इनकार किया है। चयनकर्ता जब चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे तो उन्हें भारी माथापच्ची करनी होगी। प्लेइंग इलेवन में दो स्पिनर्स तो तय

दुबई की स्लो पिच को देखते हुए यहां स्पिनर्स का रोल बढ़ जाता है। ऐसे में भारतीय चयनकर्ता स्क्वॉड में तीन स्पिनर्स को शामिल कर सकती है। तीन नहीं तो दो फिरकी गेंदबाजों का चयन तय है। रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंटगन सुंदर और कुलदीप यादव के बीच सिलेक्शन की जंग है, लेकिन प्लेइंग इलेवन में तो सिर्फ दो ही फिरकी मास्टर खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नवंबर 2023 में मिली वर्ल्ड कप फाइनल की हार के बाद भारत ने छह वनडे खेले हैं, जिसमें रविंद्र जडेजा को आराम दिया गया है। वाइट बॉल फॉर्मेट में वैसे भी जडेजा का फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा है और सूत्रों का मानना है कि चयन समिति को वनडे में अक्षर पटेल बेहतर विकल्प लगते हैं। जडेजा और अक्षर दोनों बैटिंग के साथ-साथ बॉलिंग के भी मास्टर हैं। इस बीच वॉशिंगटन सुंदर का चयन तय लग रहा है, लेकिन कुलदीप यादव की फिटनेस पर चयनकर्ता नजर रखे हुए हैं। कुलदीप यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। मगर अब पूरी तरह फिट लग रहे हैं, लेकिन विजय हजारे ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं खेला। उनके नहीं खेलने पर रवि बिश्नोई या वरूण चक्रवर्ती को मौका मिल सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी टीम में चयन के दावेदाररोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वरूण चक्रवर्ती या रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, आवेश खान या मोहम्मद शमी, रिंकू सिंह या तिलक वर्मा

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0536 एवं 1272 खलखुटवा रातू रोड पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर किन्नू चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय फ़ोन नं .651-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/66670